राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 273, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली मंगलवार 16 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

सुप्रीम कोर्ट ने खान को गिरफ्तारी से बचने के लिए ईडी के सामने आत्मसमर्पण करने को कहा
.... पेज 03

प्रधान के चाचा-चाची की मौत, पथराव और फायरिंग में 10 से ज्यादा लोग घायल
.... पेज 05

यन ट्रायल में विनेश को हराने वाली अंजू ने जीता रजत, हर्षिता भी स्वर्ण से चूकीं
.... पेज 07

## कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी किया प्रचार गीत

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए हाथ बदलेगा हालात गीत जारी किया, जिसे पार्टी के घोषणा पत्र में पांच न्याय, 25 गारंटियों पर केंद्रित किया गया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश और कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में यह गीत जारी किया।

इस अवसर पर श्री रमेश ने बताया कि कांग्रेस के प्रचार अभियान का




पहला चरण मेरे विकास का दो हिसाब था। इसके बाद कांग्रेस ने हाथ बदलेगा हालात अभियान शुरू किया। इसके साथ कांग्रेस ने अपना न्याय पत्र जारी किया। कांग्रेस ने अपने प्रचार को जारी रखते हुए यह गीत तैयार किया है।

## कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद : सुप्रीम कोर्ट पांच अगस्त से करेगा सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे विवादित शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण कराने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक जारी रखते हुए सोमवार को कहा कि वह इस मामले में वह पांच अगस्त से सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि इस मामले पर वह अगस्त में विचार करेगी और तब तक इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 14 दिसंबर 2023 के आदेश पर रोक बरकरार रहेगा।

शीर्ष अदालत ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर कार्रवाई करते हुए 16



जनवरी 2024 को उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी।

पीठ ने कहा, अंतरिम आदेश (सर्वेक्षण पर रोक) जारी रहेंगे। इसके साथ ही हम स्पष्ट करते हैं कि हमने उच्च न्यायालय के समक्ष अन्य कार्यवाही पर रोक नहीं लगाई है।

शीर्ष अदालत ने तब यह भी स्पष्ट किया था कि मामले में उच्च न्यायालय के समक्ष अन्य कार्यवाही जारी रहेगी।

### हाईकोर्ट के सर्वेक्षण संबंधी आदेश पर रोक जारी

उच्च न्यायालय ने मौजूदा मामले में 14 दिसंबर 2023 को अदालत की निगरानी में एडवोकेट कमिश्नर की तीन सदस्यीय टीम द्वारा उत्तर प्रदेश के मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह परिसर के प्राथमिक सर्वेक्षण की अनुमति दी थी। उच्च न्यायालय ने सर्वेक्षण करने के लिए एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त करने का भी निर्देश दिया था।

शीर्ष अदालत पहले से ही अधिकार क्षेत्र के हस्तांतरण से संबंधित मामले पर अलग से विचार कर रही है। उच्च न्यायालय ने 26 मई 2023 को कृष्ण जन्मस्थान-शाही ईदगाह भूमि विवाद से संबंधित लगभग 18 मुकदमों को मथुरा की सिविल अदालतों से स्थानांतरित करके स्वयं सुनवाई करने का निर्णय लिया था।

हिंदू पक्ष के याचिकाकर्ताओं ने पूरी 13.37 एकड़ भूमि पर स्वामित्व का दावा किया, जिस पर पहले से इमारत स्थित हैं। उन्होंने शाही ईदगाह मस्जिद समिति और श्री कृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के बीच 1968 के समझौते को भी चुनौती दी है, जिसने मस्जिद को उस भूमि का उपयोग करने की अनुमति दी थी।

## चुनाव आयोग ने 44 दिन में 4658.13 करोड़ जब्त किए

### लोकसभा चुनाव के 75 साल के इतिहास में ये सबसे ज्यादा

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले 1 मार्च से 13 अप्रैल तक चेकिंग के दौरान देश भर में 4658.13 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। इनमें कैश, सोना-चांदी, शराब, ड्रग्स और कीमती सामान शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के 75 साल के इतिहास में ये अब तक की सबसे बड़ी जब्ती है। आयोग ने 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान 3475 करोड़ रुपए सीज किए थे।

आयोग ने सोमवार को बताया कि चुनावों की आधिकारिक घोषणा से पहले जनवरी और फरवरी में कुल 7502 करोड़ रुपए जब्त किए गए थे। इस तरह, जनवरी से 13 अप्रैल तक कुल 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक की जब्ती की गई है।

### हर दिन करीब 100 करोड़ की जब्ती हो रही

आयोग के मुताबिक, 1 मार्च के बाद से जब्त किए गए सामान में 2068.85 करोड़ के ड्रग्स, 1142.49 करोड़ के मुफ्त में बांटे जाने वाले सामान, 562.10 करोड़ की कीमती धातुएं, 489.31 करोड़ की शराब और 395.39 करोड़ कैश शामिल है। कैश



सहित सभी सामानों को मिलाकर हर दिन करीब 100 करोड़ रुपए सीज किए जा रहे हैं।

### तमिलनाडु में सबसे ज्यादा कैश, कर्नाटक में सबसे ज्यादा शराब जब्त

तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 53 करोड़ कैश, तेलंगाना में 49 करोड़, महाराष्ट्र में 40 करोड़, कर्नाटक और राजस्थान में 35-35 करोड़ रुपए से ज्यादा जब्त किए गए हैं।

कर्नाटक में सबसे ज्यादा 124.3 करोड़ की शराब सीज की गई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 51.7 करोड़, राजस्थान में 40.7 करोड़, उत्तर प्रदेश में 35.3 करोड़ और बिहार में 31.5 करोड़ रुपए की शराब जब्त की गई।

### ड्रग्स जब्ती में गुजरात सहित ये 5 राज्य सबसे आगे

आयोग के आंकड़ों के मुताबिक कुल जब्ती में 45 फीसदी ड्रग्स और नशीले पदार्थ हैं। गुजरात से सबसे ज्यादा करीब 485.99 करोड़ रुपए के ड्रग्स बरामद किए गए हैं। इसके बाद तमिलनाडु में 293.02 करोड़, पंजाब में 280. 81 करोड़, महाराष्ट्र में 213.56 करोड़ और दिल्ली में 189. 94 करोड़ के ड्रग्स जब्त किए गए हैं।

### कैश और अन्य सामान को लेकर क्या है नियम?

16 मार्च को लोकसभा चुनावों की घोषणा के बाद से देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू है। आचार संहिता के दौरान कैश, शराब, ज्वेलरी और अन्य मुफ्त सामानों को साथ लाने और ले जाने को लेकर कई नियम होते हैं, ताकि चुनाव में इनके दुरुपयोग को रोका जा सके।

चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार, एयरपोर्ट पर 10 लाख रुपए तक कैश और 1 किलो तक सोना ले जाने की छूट है। इससे ज्यादा कैश या सोना होने पर ष्ट्ठ्रस्स्न या पुलिस के अधिकारी इनकम टैक्स को सूचना देते हैं। वैरिफिकेशन पूरा होने तक कैश या सोना जब्त किया जा सकता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह किसी राजनीतिक दल या उम्मीदवार का नहीं है।

इसी तरह किसी वाहन में 10 लाख रुपए से ज्यादा कैश मिलने पर जब्त किया जा सकता है। हालांकि, किसी पार्टी या उम्मीदवार से नहीं जुड़े होने और सही डॉक्यूमेंट्स दिखाने पर कैश जब्त नहीं होता।

किसी पार्टी के उम्मीदवार या कार्यकर्ता की गाड़ी में 50 हजार रुपए से ज्यादा कैश या 10 हजार रुपए से ज्यादा की शराब, ड्रग्स, हथियार या गिफ्ट आइटम मिलने पर जब्त किया जाता है।

## इस साल देश में सामान्य से अधिक बारिश रहने का अनुमान : आईएमडी

नयी दिल्ली। इस वर्ष देश में उत्तर-पश्चिम, पूर्व और पूर्वोत्तर के हिस्सों को छोड़कर अधिकांश हिस्सों में जून-सितंबर के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून अवधि में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान जताया गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को मौसम पूर्वानुमान में यह जानकारी दी। आईएमडी के मुताबिक उत्तर-पश्चिम, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. एम रविचंद्रन ने आज कहा, पूरे देश में इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून के तहत एक जून से 30 सितंबर के बीच अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। इस साल देश में दीर्घावधि औसत बारिश 106 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उत्तर-पश्चिम, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में बारिश सामान्य से कम हो सकती है। रविचंद्रन ने कहा कि 106 फीसदी बारिश सामान्य से अधिक की श्रेणी में आती है और अगर दीर्घावधि औसत की 105 फीसदी से 110 फीसदी के बीच बारिश होती है तो इसे सामान्य से अधिक माना जाता है।

## केजरीवाल की कस्टडी 23 अप्रैल तक बढ़ाई

### सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी के खिलाफ नहीं सुनी अर्जी

नई दिल्ली। शराब नीति घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने रविवार को कहा कि हम मामले की सुनवाई इस महीने (अप्रैल) के आखिरी हफ्ते में करेंगे। उधर, राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी है।

केजरीवाल की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल ने दलीलें रखीं। सिंघवी ने कोर्ट से कहा, मैं कुछ चौंकाने वाले फैक्ट्स आपके सामने रखना चाहता हूं। इस पर कोर्ट ने कहा कि हमें नोटिस जारी करने दीजिए।

सिंघवी ने कहा- सुनवाई की तारीख पास रखिएगा, हो सके तो इस शुक्रवार। इस पर कोर्ट ने कहा- हम आपको करीब की तारीख दे सकते हैं, लेकिन वो तारीख नहीं जो आपने



सुझाई है। सिंघवी ने कहा कि गिरफ्तारी केवल इसलिए थी, ताकि केजरीवाल चुनाव प्रचार ना कर पाएं। कोर्ट ने कहा- हम इस महीने के आखिरी हफ्ते में सुनवाई करेंगे।

वहीं, राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी है। यानी वे 23 अप्रैल तक तिहाड़ में ही रहेंगे। कोर्ट ने केजरीवाल को 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक के लिए ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा था। केजरीवाल को तिहाड़ जेल में 2 नंबर बैरक में रखा गया है।

ईडी ने शराब नीति केस में केजरीवाल को 21 मार्च को अरेस्ट किया था।

22 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी हुई। जहां से उन्हें 28 मार्च तक ईडी की रिमांड पर भेजा गया। रिमांड बाद में 1 अप्रैल तक बढ़ाई गई।

## मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ को 21 पूर्व न्यायाधीशों ने लिखी चिट्ठी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के लगभग 21 पूर्व न्यायाधीशों ने न्यायपालिका पर दबाव बनाने और उसे कमजोर करने के लिए किए जा रहे कथित प्रयासों से भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को एक पत्र के जरिए अपनी चिंताओं से अवगत कराया है। पूर्व न्यायाधीशों ने पत्र में मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली न्यायपालिका से ऐसे दबावों के खिलाफ मजबूत होने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि हमारी कानूनी प्रणाली की पवित्रता और स्वायत्तता संरक्षित रहे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को भेजी गई चिट्ठी पर हस्ताक्षर



करने वालों में शीर्ष अदालत के चार पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक वर्मा, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एम आर शाह शामिल हैं। इनके अलावा हस्ताक्षर करने वालों में बाकी 17 विभिन्न उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीश हैं। पूर्व न्यायाधीशों ने अपने पत्र में कहा, हम विशेष रूप से गलत सूचना की रणनीति और न्यायपालिका के खिलाफ जनता की भावनाओं को भड़काने के प्रयासों में चिंतित हैं। यह कोशिश न केवल अनैतिक हैं, बल्कि हमारे लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों के लिए नुकसानदायक भी हैं। पत्र के जरिए पूर्व न्यायाधीशों ने न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ से कहा, यह हमारे संज्ञान में आया है कि ये तत्व (न्यायपालिका पर कथित दबाव बनाने और कमजोर करने का प्रयास करने वाले) संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित होकर हमारी न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं।

## दंतेवाड़ा में 1 इनामी सहित 26 नक्सलियों ने किया सरेंडर

### लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण, कई नक्सली घटना में थे शामिल

दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा जिले में लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर 1 इनामी सहित 26 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। सरेंडर करने वाले नक्सली किस्टाराम, भैरमगढ़, मलांगेर और कटेकल्याण एरिया कमेटी में सक्रिय थे। वे सभी नक्सली बंद के दौरान रोड खोदना, पेड़ काटना और नक्सली बैनर-पोस्टर लगाने की घटनाओं में शामिल थे। कोराजगुड़ा (कोरोस) पंचायत जनताना सरकार अध्यक्ष जोगा मुचाकी के ऊपर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 1 लाख रुपए इनाम घोषित है। नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा और उनके शोषण, अत्याचार और स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग नक्सलियों ने समाज के मुख्यधारा में जुड़ने का संकल्प लिया है।



### 25-25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दिए जाएंगे

पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत 25-25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि और पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ प्रदान कराए जाएंगे।

### इन्होंने नक्सलियों ने किया सरेंडर

1 लाख रुपए इनामी नक्सली कोराजगुड़ा (कोरोस) पंचायत जनताना सरकार अध्यक्ष जोगा मुचाकी (30) जिला सुकमा, किस्टाराम एरिया कमेटी सीएनएम सदस्य वेको देवा (25) जिला सुकमा, अरनपुर पटेलपारा कमेटी सदस्य मुया कोवासी (29) जिला दंतेवाड़ा, ककाड़ी पंचायत मिलिषिया सदस्य जग्गू वेट्टी (25) जिला दंतेवाड़ा पिट्टेपाल पंचायत सीएनएम सदस्य कुमारी बिमला कुंजाम (17) जिला बीजापुरग्राम कोण्डापाल डीएकेएमएस सदस्य सुरेश कुमार कड़ियाम (22) जिला बीजापुर, ग्राम पेडका सीएनएम सदस्या कुमारी जोगी मण्डावी (16) जिला दंतेवाड़ा, ग्राम पेडका केएएमएस सदस्या नंदे माड़वी (38) जिला दंतेवाड़ा, ग्राम पेडका केएएमएस सदस्या कुमारी गंगी मण्डावी (38) जिला दंतेवाड़ा ककाड़ी पंचायत केएएमएस सदस्या मासे वेट्टी (42) जिला दंतेवाड़ा, ग्राम पेडका सीएनएम सदस्या कुमारी जोगी माड़वी (18) जिला दंतेवाड़ा, तोड़मा पंचायत मिलिषिया सदस्य महादेव उर्फ जटेल पोयामी (17) जिला दंतेवाड़ा, फुलगट्टा पंचायत डीएकेएमएस सदस्य श्याम लाल उर्फ दूला भास्कर (27) वर्ष जिला बीजापुर फुलगट्टा पंचायत डीएकेएमएस सदस्य भूनेष कड़ती (22) जिला बीजापुर फुलगट्टा पंचायत मिलिषिया सदस्य शंकर लाल लेकाम (29) जिला बीजापुर ग्राम डेगमेट्टा कमेटी सदस्य बुधराम नेगी (29) जिला बीजापुर, फुलगट्टा पंचायत डीएकेएमएस उपाध्यक्ष सोमलू उर्फ सोमू पोटाम (28) जिला बीजापुर

मारपीट

### 15 मिनट तक चला हंगामा; मंत्री बोले-परिवार में छोटी-छोटी बातें हो जाती हैं

## योगी के मंत्री की प्रेस कांफ्रेंस में ही भाजपा नेताओं में मारपीट



एजेंसी

**अमरोहा।** अमरोहा में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में नेताओं के बीच मारपीट हो गई। 15 मिनट तक हंगामा चला। सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों ने बीच बचाव कर नेताओं को अलग किया। विवाद शांत कराने के लिए खुद राज्यमंत्री को मोर्चा संभालना पड़ा।

नेताओं के बीच मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। वहीं, राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि भाजपा का बड़ा परिवार है। इसलिए छोटी-छोटी बातें हो जाती हैं।

### संकल्प पत्र को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पहुंचे थे मंत्री

भाजपा जिला कार्यालय पर सोमवार की सुबह 11 बजे संकल्प पत्र को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग के राज्यमंत्री बृजेश सिंह की प्रेस कॉन्फ्रेंस थी।

राज्यमंत्री अपने तय समय पर कार्यालय पहुंच गए। वहां पहले से मौजूद दो पत्रकारों को देखकर राज्यमंत्री बृजेश सिंह नाराज हो गए।

जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी और जिला मीडिया प्रभारी रमेश कलाल से नाराजगी जाहिर की। इसके बाद बाकी पत्रकारों को बुलाने की बात कह कर दूसरे कमरे में जाकर बैठ गए।

### कॉलर पकड़कर जड़ा थप्पड़

इसके बाद जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार और मीडिया प्रभारी रमेश कलाल के बीच कहासुनी होने लगी। धीरे-धीरे विवाद गाली गलौज तक पहुंच गया। इसके बाद दोनों एक दूसरे से भिड़ गए और थप्पड़ मारने लगे। दोनों ने एक दूसरे का कॉलर पकड़ लिया और घूसे मारने लगे। मारपीट होता देख जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी बीच बचाव कराने लगे। तेज आवाज सुन राज्यमंत्री बृजेश सिंह भी कमरे में आ गए। दोनों को अलग कर शांत कराया। जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने कृष्ण कुमार और रमेश कलाल को गले मिलवाया और विवाद खत्म कराया। इसके बाद राज्यमंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

## केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस, सुप्रीम कोर्ट 29 को करेगा अगली सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मुकदमे में अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया, लेकिन मुख्यमंत्री केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी की इस मामले



की अगली सुनवाई शीघ्र करने की गुहार साफ तौर पर ठुकरा दी। पीठ ने अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख मुकर्रर कर दी और उससे पहले 24 अप्रैल तक ईडी को अपना जबाव दाखिल करने का निर्देश दिया।

केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने एक अप्रैल को उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया था। उच्च न्यायालय से अपनी याचिका खारिज होने के बाद उन्होंने 10 अप्रैल को शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष वरिष्ठ के अधिवक्ता सिंघवी ने तब केजरीवाल का पक्ष रखते हुए उनकी याचिका को अत्यधिक महत्वपूर्ण बताया था और उस पर शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया था। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने संबंधित मामले पर शीघ्र सुनवाई करने पर विचार करने का उन्हें आश्वासन दिया था।

## शार्ट न्यूज

### भाजपा नेताओं की कार से नौ लाख की नकदी बरामद

जलपाईगुड़ी। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी क्षेत्र में पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी के नेता राकेश नंदी की कार से 7.75 लाख रुपये समेत नौ लाख से अधिक की नकदी बरामद की है। रविवार रात जलपाईगुड़ी क्रांति इलाके में नाका चेकिंग के दौरान भाजपा नेता राकेश नंदी की कार से यह रुपया बरामद किया गया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि भाजपा नेता अपने पास मौजूद रुपया का कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके। राकेश ने पुलिस को बताया कि बरामद रुपये उसके नहीं हैं और यह रुपया भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष दीपा बनिक के आदेश पर ले जा रहे थे। दरअसल, लोकसभा चुनाव से पहले जलपाईगुड़ी जिले में पुलिस की नाका चेकिंग चल रही है। श्री नंदी से पूछताछ के बाद पुलिस ने भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष दीपा बनिक की कार की तलाशी ली। वहां से एक लाख 30 हजार रुपये और बरामद हुआ। जब दीपा बनिक से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने पूरी घटना से इनकार कर दिया है। पुलिस ने कहा कि जब्त किए गए रुपये का इस्तेमाल राजनीतिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा था। उस दिन दोनों कारों से कुल नौ लाख पांच हजार रुपए बरामद किए गए हैं।

### हाईकोर्ट ने उपपा के वाहन पास निरस्त करने के मामले में आयोग से मांगा जवाब

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश की क्षेत्रीय पार्टी उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी (उपपा) के वाहनों के पास निरस्त करने के मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी से मंगलवार तक जवाब मांगा है। अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ (सुरक्षित) लोकसभा सीट से उपपा ने किरन आर्य को मैदान में उतारा है। उपपा प्रत्याशी द्वारा अपना आय व्यय का हिसाब जमा नहीं करने के आरोप में अल्मोड़ा के जिला निर्वाचन अधिकारी ने 12 अप्रैल को उपपा के वाहनों के पास निरस्त कर दिये। उपपा उम्मीदवार की ओर से इसे उच्च न्यायालय में चुनौती दी गयी। इस प्रकरण की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की पीठ में हुई। याचिका में कहा गया कि वह 12 अप्रैल को चुनाव आयोग को आय व्यय का हिसाब नहीं दे पायी लेकिन 13 और 14 अप्रैल को रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में व्यक्तिगत पेश होकर और ईमेल के माध्यम से आय व्यय का हिसाब जमा करने का अनुरोध किया गया लेकिन आरओ की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अभिजय नेगी ने बताया कि न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की पीठ ने जिला निर्वाचन अधिकारी से कल मंगलवार तक जवाब मांगा है। कल ही इस मामले में सुनवाई होगी।

### राहुल केरल में दो दिवसीय चुनाव अभियान पर

वायनाड। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र में अपने दो दिवसीय चुनाव अभियान के पहले दिन सोमवार को कई रैलियां और जनसभाएं की। गांधी लगभग करीब दस बजे मैसूर से हेलीकॉप्टर द्वारा नीलगिरिस आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज मैदान पहुंचकर एक रैली की। इस दौरान, कांग्रेस नेता की झलक पाने के लिये कई लोग सड़क के किनारे एकत्र हुये। इस बीच, गांधी ने सुल्तान बाथरी, मननथावाडी, वेल्लामुंडा और पुलपल्ली में रैली के दौरान जनसभाएं की। इससे पहले,गांधी तीन अप्रैल को अपनी बहन प्रियंका गांधी के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल करने आये थे। उन्होंने थलूर में चुनाव अभियान शुरू किया और नीलगर्ल्स कॉलेज के बागान श्रमिकों और विद्यार्थियों से मुलाकात की। सुल्तान बाथरी में एक रैली को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने कहा कि देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और कांग्रेस की विचारधारा के बीच लड़ाई चल रही है। हालांकि, देश ब्रिटिश उपनिवेशवाद से मुक्त हो गया, लेकिन आरएसएस समर्थित भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा के अधीन नहीं आया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आम लोगों के साथ है। कांग्रेस नेता ने कहा कि एक राष्ट्र, एक व्यक्ति और एक भाषा की भाजपा की राजनीतिक थीम देश में लागू नहीं हो सकती सत्तारूढ़ भाजपा देश में एक नेता का विचार थोप रही है और यह देश के लोगों का अपमान है।

### तेलंगाना में 17,18 अप्रैल को लू के आसार

हैदराबाद। तेलंगाना में पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपलपल्ली, मुलुगु, खम्मम, नलगोंडा, भद्राद्रि कोठागुडेम, सूर्यापेट और महबूबाबाद जिलों के अलग-अलग क्षेत्रों में 17 अप्रैल को लू के प्रकोप के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। दैनिक मौसम रिपोर्ट में बताया गया है कि राज्य के मंचेरियल, निर्मल, करीमनगर, पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपलपल्ली, मुलुगु, खम्मम, नलगोंडा, वारंगल, हनमकोंडा, नागरकुर्नूल, भद्राद्रि कोठागुडेम, सूर्यापेट और महबूबा बाद में 18 अप्रैल को भी वही स्थिति का अनुमान है। अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान बढ़कर दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने का अनुमान है। तेलंगाना के महबूबनगर, नगरकुर्नूल, वानापर्थी, नारायणपेट और जोगुलम्बा गडवाल जिलों में 19 अप्रैल को अलग-अलग स्थानों पर गरज-चमक और बिजली कड़कने के साथ बारिश होने के आसार हैं। राज्य के अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने के पूरे आसार हैं। पिछले चौबीस घंटों में तेलंगाना में एक या दो स्थानों पर बारिश आयी। रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को भद्राचलम में सबसे अधिक तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### नालागढ़ में युवक ने की बुआ के बेटे की हत्या

सोलन। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के नालागढ़ के तहत बगलैहड पंचायत के अंतर्गत शेरावाली गांव के युवक पर हत्या का आरोप लगा है। युवक पर बुआ के बेटे की हत्या करने का आरोप है। यह घटना 11 अप्रैल की बताई जा रही है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि चार दोस्त मिलकर अपने नानका जोघों गए थे। उसके बाद उनकी अपने ही मामा के बेटे के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद मामा के बेटे ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर बगलैहड नदी के पुल पर आकर बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और बाइक पर सवार युवक नदी के नीचे गिर गए। पूरी रात ये युवक नदी के नीचे घायल अवस्था में तड़फते रहे, लेकिन किसी ने भी उन्हें उठाने की कोशिश नहीं की। सुबह जब किसी ने पुलिस को फोन किया तो पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर तीनों घायलों को नालागढ़ के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। एक युवक को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। हालांकि, पीजीआई में दो दिन बाद एक युवक की मौत हो गई। दो घायलों का इलाज नालागढ़ के निजी अस्पताल में चल रहा है। फिलहाल पुलिस ने 307, 302 एवं अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज करके आगामी जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश पुलिस की ओर से की जा रही है।

### अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर लखबीर सिंह लांडा द्वारा संचालित 12 सदस्यीय गिरोह का भंडाफोड़

कपूरथला। पंजाब में कपूरथला पुलिस ने सोमवार को अमेरिका स्थित अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर और आतंकवादी लखबीर सिंह लांडा और उसके ब्रिटेन स्थित साथी हरजीत सिंह भंडाल द्वारा संचालित 12 सदस्यीय जबरन वसूली गिरोह का भंडाफोड़ किया और उनके पास से तीन पिस्तौल, 26 कारतूस और दो मोटरसाइकिलें बरामद कीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वत्सला गुप्ता ने दोपहर बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कपूरथला पुलिस ने काउंटर इंटेलिजेंस की एक टीम के संयुक्त ऑपरेशन में आज तीन गैंगस्टरों को गिरफ्तार किया, जिनमें नकोदर के पास गांव गिल निवासी जसवीर सिंह उर्फ जस्सा, नकोदर शहर के निवासी युवराज उर्फ कालू और नकोदर के पास गांव टुट्ट-कलां निवासी धर्मेंद्र शामिल हैं। सुल्तानपुर लोधी में एक पुलिस जांच चौकी और उनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने जालंधर, होशियारपुर और संगरूर जिलों में छापेमारी के बाद गिरोह के नौ और सदस्यों को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री गुप्ता ने कहा कि पुलिस ने उनके कब्जे से तीन देशी पिस्तौल, 26 कारतूस और दो मोटरसाइकिलें बरामद कीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये गैंगस्टर इंटरनेशनल गैंगस्टर लखबीर सिंह लांडा और हरजीत सिंह भंडाल के निर्देश पर सुल्तानपुर लोधी में एक व्यवसायी के घर गये और उनके घर पर फायरिंग की। उन्होंने कहा कि लांडा ने सुल्तानपुर लोधी के एक व्यवसायी (सुरक्षा कारणों से जिसकी पहचान उजागर नहीं की गयी) से दो करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी और उसे जान से मारने की धमकी दी थी।

# ग्रेटर नोएडा में 180 फीट नीचे जा पहुंचा जलस्तर; संकट गहराया

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के 100 से अधिक बोरवेल ग्रेनो वेस्ट के भूजल को तेजी से खाली कर रहे हैं। इसका असर अब दिखने लगा है। आए दिन प्राधिकरण का कोई ना कोई बोरवेल सूख रहा है, जिसके बाद री-बोरिंग कर बोरवेल को और गहरा किया गया है। अब तक 50 से अधिक बोरवेल की री-बोरिंग की जा चुकी है। यही नहीं प्राधिकरण लगातार नए बोरवेल भी करा रहा है। भूजल का दोहन नहीं रुका तो ग्रेनो वेस्ट के 5 लाख फ्लैटों के निवासियों के लिए जल संकट खड़ा हो जाएगा।

ग्रेनो वेस्ट में 100 से अधिक सोसाइटी में दो लाख से अधिक लोग रह रहे हैं। लगातार जनसंख्या बढ़ने से पानी की मांग भी बढ़ रही है। प्राधिकरण भूजल की आपूर्ति कर रहा है। उसके लिए ग्रेनो वेस्ट में 100 से अधिक बोरवेल किए जा चुके हैं। अब भी नए बोरवेल लगाने का काम चल रहा है। भूजल के लगातार दोहन का आलम यह है कि क्षेत्र में जहां पहले 90 और 100 फीट पर पानी मिल जाता था वहीं, अब 160 फीट से 180 फीट पर मिलता है। बोरवेल बंद होने से किसी ना किसी सोसाइटी में पानी की आपूर्ति बंद हो जाती है।

> पेयजल की आपूर्ति के लिए बोरवेल पर रोक नहीं है, लेकिन जल स्तर नीचे जाने से प्राधिकरण के बोरवेल सूख रहे हैं। इस संबंध में प्राधिकरण से लगातार बातचीत कर समाधान निकालने का प्रयास किया जा रहा है।
>
> **- अंकिता राय, हाइड्रोलॉजिस्ट, भूगर्भ जल विभाग**

दो साल से यह समस्या बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि ग्रेनो वेस्ट में कुल 5 लाख फ्लैट तैयार होंगे, जिनमें 10 लाख से अधिक लोग रहेंगे। अगर ऐसा ही रहा तो फिर ग्रेनो वेस्ट में जल संकट होगा।

#### पेड़ों की सिंचाई में भी प्रयोग हो रहा भूजल

प्राधिकरण भूजल का उपयोग पेड़ों की सिंचाई में भी कर रहा है। इसके लिए ग्रेनो वेस्ट में 60 मीटर रोड की ग्रीन बेल्ट में बोरवेल भी कराए गए हैं। जबकि एसटीपी के पानी से ग्रीन बेल्ट और पेड़ों की सिंचाई करने का नियम है, लेकिन प्राधिकरण ऐसा नहीं कर रहा है।

#### दो दिन में तीन बोरवेल की री-बोरिंग

हाल ही में ऐस सिटी सोसाइटी में पानी की किल्लत हुई थी। जांच में पता चला कि जिस बोरवेल से सोसाइटी में पानी की आपूर्ति की जाती थी। उसका पानी सूख गया है। पहले बोरवेल 110 फीट पर था। अब 130 फीट पर डाला गया है। इसी तरह पाम ओलंपिया सोसाइटी के पास भी दो बोरवेल की गहराई बढ़ानी पड़ी है।

### तबीयत बिगड़ने से महिला की मौत

नोएडा। बरौला गांव में बच्ची को दूध पिला रही मां की तबीयत अचानक से खराब होने पर परिजनों ने उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आएगी। सेक्टर-49 थाना प्रभारी ने बताया कि गांव बरौला के रविंद्र की पुत्री निशा बंसल का विवाह वर्ष 2021 में गुरुग्राम के गांव रिठौज में हरकरण उर्फ भोला सिंह के साथ हुआ था। निशा करीब एक वर्ष पहले बच्ची की मां बनी थी। परिवार में शादी होने के चलते निशा कुछ दिन पहले मायके आई थी। शनिवार दोपहर करीब दो बजे निशा बच्ची को दूध पिला रही थी। इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और जमीन पर पीछे की तरफ गिर गई। परिजन निशा अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की आकस्मिक मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

## रेप का प्रयास करने वाला 25 हजार का इनामी गिरफ्तार



**नोएडा।** नवरात्रि के पहले दिन निठारी गांव में साढ़े छह साल की मासूम के साथ रेप का प्रयास करने वाले आरोपी को सेक्टर-20 पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर नोएडा पुलिस ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

पुलिस की दो टीमें आरोपी की तलाश बिहार समेत अन्य संभावित ठिकानों पर कर रही थीं। अदालत के समक्ष पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

सेक्टर-20 थाना प्रभारी ने बताया कि बिहार के दरभंगा का रहने वाला 52 साल का सिकंदर सदा कुछ दिन पहले साढ़े छह साल की बच्ची को भंडारा खिलाने के बहाने गोद में लेकर गया और उसके साथ रास्ते में रेप करने का प्रयास किया।

इस दौरान सिकंदर ने बच्ची को गंदी वीडियो दिखाकर उकसाया भी था। उसके खिलाफ बच्ची की मां ने रेप और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया था। बच्ची के शरीर पर घाव और चोट के निशान हैं। केस दर्ज होने की जानकारी होते ही आरोपी घर से भाग गया।

रविवार को जब वह किसी काम से नोएडा आया तो मुखबिर से मिली सूचना पर उसे सेक्टर-18 से दबोच लिया गया। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि उसकी बेटी आरोपी को बड़े पापा कहकर बुलाती है। वह काफी दिनों से बच्ची पर गंदी नजर रखे हुए था।

वारदात के बाद जैसे ही बच्ची ने मां को देखा उससे लिपट कर रोने लगी थी। मां ने किसी तरह उसे चुप कराया था। सिसकते हुए बच्ची ने मां को पूरी आपबीती बताई थी। इसके बाद पीड़ित बच्ची की मां ने संबंधित थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दी थी।

### नोएडा में पकड़ा गया 3 लाख कैश

#### भंगेल में की जा रही थी चेकिंग



नोएडा। लोकसभा चुनाव में कैश पकड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार को फेज-2 पुलिस भंगेल के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक पीले रंग की ब्रेजा कार आते दिखी। पुलिस ने चेकिंग के लिए रोका। कार से 3 लाख रुपए कैश बरामद किया गया। ये 500-500 रुपए के नोट के रूप में थे। पुलिस ने आयकर विभाग को जानकारी दे दी है। कार्यवाही का जा रही है। फेज-2 थाना पुलिस ने भंगेल मार्केट में ब्रेजा रंग पीला को रोका। कार में हारून राशिद पुत्र मोहम्मद जहूल निवासी दिल्ली व शमीम अहमद पुत्र अब्दुल कुद्दूस निवासी दिल्ली थे। इनके पास से एक बैग था। बैग चेक करने पर उसमें 3,00,000 नगद बरामद हुए। पुलिस ने दोनों से पूछताछ की। जिसमें दोनों ही नगद पैसों का न तो कोई बिल प्रस्तुत कर सके और न ही साक्ष्य। ऐसे में धनराशि को जब्त कर आयकर विभाग को इसकी जानकारी दे दी गई। बता दे इससे पहले भी लगातार नोएडा के बार्डर से वाहनों में कैश पकड़ा जा रहा है। ये पैसा हरियाणा, दिल्ली से होते हुए यूपी में प्रवेश कराया जा रहा है। हालांकि बार्डर पर सघन चेकिंग होने के चलते ये पकड़ा जा रहा है। बता दे नोएडा में सभी बार्डर पर सघन चेकिंग की जा रही है।

# नोएडा में 12 हजार वर्गमीटर जमीन कब्जा मुक्त

## बाउंडरी कर कांटे जा रहे थे प्लाट, 95 करोड़ रुपए आंकी गई जमीन की कीमत

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण का अवैध निर्माण हटाने का अभियान निरंतर जारी है। सोमवार को प्राधिकरण की टीम ने 12 हजार वर्गमीटर जमीन को अवैध निर्माण से मुक्त कराया। इस जमीन की कीमत करीब 95 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। ये जमीन प्राधिकरण के मास्टर प्लान के अनुसार नियोजित है। इसमें विकास परियोजना का निर्माण होना है। ध्वस्तीकरण की ये कार्यवाही वर्क सर्किल-6 की ओर से की गई। प्राधिकरण ने बताया कि जेसीबी और स्थानीय पुलिस बल की मदद से अभियान सेक्टर-79 में चलाया गया। यहां खसरा नंबर-770 को चारो ओर



से घेरकर उसकी बाउंडरी कर ली गई थी। साथ ही अंदर प्लाटिंग की जा रही थी। प्राधिकरण के संज्ञान में आते ही जेसीबी, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ध्वस्तीकरण किया गया। साथ ही अतिक्रमण कर्ता को चेतावनी दी कि दोबारा ऐसा किया तो कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने लोगों से अपील की कि वह कलोनाइज़र के बहका-वे में नहीं फंसे।

अन्यथा अपने जीवन भर की पूंजी से हाथ धोना पड़ सकता है। इसलिए जमीन खरीदने से पहले नोएडा प्राधिकरण में चेक करा ले। बता दे प्राधिकरण ने एक महीने में 12 स्थलों से अवैध निर्माण को हटाया गया। जिसमें 17 खसरों की करीब 56 हजार 885 वर्गमीटर जमीन जमीन है। ये जमीन सदरपुर, ममूरा, सोरखा, सलरपुर, असदुल्लापुर, मोहियापुर , गढ़ी समस्तीपुर , गुलावली गांव की है। इसकी लागत करीब 236.80 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

# शातिर चोर गिरफ्तार, 9 लैपटॉप व अन्य सामान बरामद



गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा की बिसरख थाना पुलिस ने बड़े ही शातिर किस्म के चोर को गिरफ्तार किया। यह चोर गूंगा बहरा बनकर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करता था। गूंगा बहरा होने के चलते इस पर कोई शक नहीं करता था लेकिन पुलिस ने आज आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और इसके कब्जे से चोरी के 9 लैपटॉप व अन्य सामान बरामद किया।

दरअसल बिसरख थाना क्षेत्र में फ्लैटों में कई चोरी की वारदातों को अंजाम दिया गया था। उनसे लैपटॉप आदि सामान चोरी किए गए थे। इसके अलावा गाड़ियों के शीशे तोड़कर भी लैपटॉप चोरी की वारदातों को अंजाम दिया गया।

इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और आरोपियों की तलाश में जुट गई। पुलिस के द्वारा इस मामले में सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए। इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व सीसीटीवी फुटेज और लोकल इंटेलीजेंस के आधार पर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

#### गूंगा और बहरा होने का नाटक करता था

पुलिस ने जब आरोपी से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह फ्लैटों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करता था। साथ ही सुनसान स्थान पर खड़ी हुई गाड़ियों के शीशे तोड़कर उनमें रखा हुआ सामान भी चोरी करता था। दरअसल आरोपी गूंगा और बहरा होने का नाटक करता था। जब वह पकड़ा जाता था तो यह अपने पास लिखे हुए एक लेटर को सभी लोगों को दिखा दिया करता था। जिससे कि लोग इसे गूंगा और बहरा समझते थे और इस पर किसी तरह का कोई शक नहीं करते थे। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसको न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जा रहा है। इसके अन्य आपराधिक इतिहास की और ज्यादा जानकारी जुटाई जा रही है।

#### एक चाकू भी बरामद किया

आरोपी की पहचान रूथरा वेंकटेशन के रूप में हुई। आरोपी मूल रूप से तमिलनाडु के वेल्लोर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए 9 चोरी के लैपटॉप, चोरी के 9 बैग ,तीन लैपटॉप के चार्जर और एक चाकू भी बरामद किया। आरोपी के पास से AN APPEAL THE BEARER OF THIS APPLICATION IS A DUMB लिखा हुआ लैटर भी मिला।

### सड़क हादसे में पांच महीने बाद केस दर्ज

नोएडा। बीपीएल कट के पास पांच महीने पहले हुए सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में अब फेज दो थाने में केस दर्ज हुआ है। केस कोर्ट के आदेश पर मृतक युवक के पिता की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ दर्ज हुआ है। पुलिस आरोपी की पहचान और हादसे की जानकारी के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। मूलरूप से अलीगढ़ के रहने वाले किरणपाल अपने परिवार के साथ कुलेसरा में रहते हैं। पांच नवंबर 2023 को किरणपाल का बेटा गुड्डू अपनी बाइक से फेज टू जा रहा था। बीपीएल कट के पास गलत दिशा से आ रहे दूसरी बाइक सवार ने गुड्डू की बाइक में टक्कर मार दी थी। इसमें गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों ने घायल युवक को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक युवक के पिता किरणपाल ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। संबंधित अधिकारियों ने भी मामले का संज्ञान नहीं लिया। अब कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि हादसे के बाद कोतवाली फेज टू में तैनात कुछ पुलिसकर्मी ने आरोपी पक्ष से मिलीभगत कर इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस केस में आरोपी को पकड़ने के लिए अब पुलिस पांच महीने पुरानी सीसीटीवी फुटेज खंगालेगी। इसके लिए वो कमांड कंट्रोल रूम में बने इंटीग्रेटेड सीक्यूरिटी ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईएसटीएमएस) की मदद लेगा। इसके अलावा आरोपी तक पहुंचकर पूरे मामले की जांच की जाएगी।

### बेटी सुशिक्षित होगी तो वह दो कुलों का मान बढ़ाएगी : चौधरी दीपचंद यादव



चौधरी दीपचंद यादव जी बेटियों की शिक्षा के सदैव पक्षधर रहे। उनका मानना था कि बेटी सुशिक्षित होगी तो वह दो कुलों का मान बढ़ाएगी। उनकी इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए, अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माननीय श्री सत्य प्रकाश यादव जी ने चौं दीपचंद मैमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में और बेटी -एक लक्ष्य संस्था के सहयोग से बेटियों के सशक्तिकरण के लिए कम्प्यूटर शिक्षा केन्द्र की शुरुआत की। पहले बैच मे क्षेत्र की लगभग 100 बेटियों के डिप्लोमा कोर्स पूरा होने पर सुन्दर व सुव्यवस्थित कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया गया। हाल ही में इस कार्यक्रम का आयोजन बेटी -एक लक्ष्य संस्था द्वारा क्रिया गया। इस अवसर पर श्री सत्यप्रकाश यादव , श्री आनंद प्रकाश यादव, श्री महावीर सिंह, श्री प्रशांत यादव, श्री तेजराम फौर , श्री सुभाष यादव,श्री कृपाल सिंह , श्री हरविंदर सिंह, श्री वीरेन्द्र सिंह फौर, श्री वेद प्रकाश यादव. श्री सुरेन्द्र यादव, श्री मुकुन्दर सिंह श्रीप्रकाश यादव, संस्था के अधिकारी गण, क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य व्यक्तियों व अभिभावकों ने सभी बेटियों को शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कश्मीर घाटी में बारिश होने से तापमान में गिरावट

श्रीनगर। कश्मीर घाटी में बारिश और कुछ ऊंचाई वाले इलाकों में सोमवार को लगातार दूसरे दिन ताजा हिमपात के कारण तापमान में गिरावट आयी। राजधानी श्रीनगर और कश्मीर घाटी के अन्य हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश हुयी, जिससे सामान्य जनजीवन बाधित हुआ और तापमान में गिरावट आयी। वहीं बारिश के कारण कई निचले इलाकों में पानी भर गया। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर का पूर्वानुमान है कि आज मौसम में बादल छाए रहेगा और दोपहर तक कई स्थानों पर रुक-रुक कर हल्की बारिश या हिमपात होगा। प्रदेश में 16-17 अप्रैल को मौसम में बादल छाए रहेंगे और अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश होगी, जबकि 18-19 अप्रैल को इस अवधि के दौरान गरज और बिजली के साथ कई स्थानों पर हल्की बारिश और हिमपात के आसार हैं। इसके बाद प्रदेश में 20 से 25 अप्रैल तक मौसम आम तौर पर शुष्क रहेगा। मौसम कार्यालय ने खराब मौसम गतिविधि के मद्देनजर किसानों को 16 अप्रैल तक कृषि कार्यों को टालने की सलाह दी है।

# संस्कार यूनिवर्सिटी में बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके मनोरंजन का भी प्रबंध

**ललित कुमार गोठवाल**

बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ-साथ उनके मनोरंजन करने का कुछ अलग ही अंदाज देखने को मिला संस्कारएम यूनिवर्सिटी में। एजुकेशन हब के नाम से जाने जाने वाली संस्कारम यूनिवर्सिटी किसी परिचय की मोहताज नहीं है संस्कार यूनिवर्सिटी में आज बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके मनोरंजन का भी प्रबंध किया गया।

संस्कारम यूनिवर्सिटी के इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के ओएसडी अभिमन्यु यादव ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की वही उनका फूल मालाओं वह बुकके भेंट कर सम्मानित किया गया इस संस्कारम यूनिवर्सिटी के संचालक महिपाल यादव ने बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम के लिए पंजाबी सिंगर जस्सी गिल के गानों की लाइव परफॉर्मेंस करवा बच्चों का मनोरंजन करवाया ताकि बच्चों कि पढ़ाई के साथ साथ उनका मनोरंजन भी करवाया जाए ताकि बच्चो का मानसिक स्वास्थ्य सही रहे और उनका मनोरंजन के साथ पढ़ाई में भी ध्यान रहे इस परफॉर्मेंस में सभी बच्चों के



माता पिता, स्कूल, यूनिवर्सिटी के बच्चो और स्टाफ में भरपूर मनोरंजन किया और लाइव गानों की परफॉर्मेंस पर जमकर थिरके।

वही इस मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि ने बताया की झज्जर जैसे एरिया के अंदर एजुकेशन को जो बढ़ावा मिला है वह काफी काबिले तारीफ है संस्कारएम पहले स्कूल था और फिर अभी यूनिवर्सिटी बन गया है यहां पर काफी सारे कोर्स कराए जाते हैं इस पिछड़े क्षेत्र में एजुकेशन का होना और यहां यूनिवर्सिटी स्थापित होना एक बहुत बड़ी बात है ताकि हमारे एरिया के बच्चे शिक्षा के लिए बाहर न जाएं उनको अगर यही शिक्षा मिलती है यह भी एक अच्छा प्रयास है।

वही संस्कारएम यूनिवर्सिटी के संचालक महिपाल यादव ने बताया कि बच्चों के मनोरंजन के लिए आज रंगारंग कार्यक्रम आयोजित कराया गया और समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं वही उन्होंने बताया कि विदेशी फैकल्टी को भी आपॉइंट किया गया है ताकि बाहर से आने वाले बच्चों को पढ़ाया जा सके इसमें यूके वियतनाम आदि देश से फैकल्टी अप्वॉइंट की जाएगी और इस यूनिवर्सिटी में सबसे अहम कदम हमारे झज्जर शहर का है हमारे टीम का है और सभी मेंबर का है उनका में धन्यवाद करता हूं अभी संस्करएम यूनिवर्सिटी में 700 बेड का हॉस्पिटल शुरू किया जाएगा विदेशी मरीजों को यहां सभी सुविधाए देंगे और संस्कारएम ग्रुप जो वादे करता हैं उनको हमेशा बखूबी निभाता हैं।

## शार्ट न्यूज

### जेल में मंत्रियों के साथ कार्यों की समीक्षा करेंगे केजरीवाल : डॉ. संदीप पाठक

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अगले सप्ताह से दो-दो मंत्रियों को जेल में बुलाकर उनके विभागों की समीक्षा करेंगे। पाठक ने संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि सोमवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ तिहाड़ जेल में मुलाकात के दौरान श्री केजरीवाल ने हमसे बोला है कि अगले हफ्ते से दो-दो मंत्रियों को जेल में बुलाकर बैठक करेंगे। इस दौरान मंत्रियों के विभागों की समीक्षा करेंगे कि काम ठीक से चल रहा है या नहीं। इसके साथ ही मंत्रियों को काम से संबंधित दिशानिर्देश देंगे। दो मंत्रियों के साथ बैठक को लेकर जो भी कानूनी प्रक्रिया होगी, उसके तहत ही कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगले हफ्ते से जब अरविंद केजरीवावल दो-दो मंत्रियों को बुलाएंगे और उनके विभागों की समीक्षा होगी तो जेल से समुचित तरीके से सरकार चलेगी। उन्होंने बताया कि श्री केजरीवाल ने सभी विधायकों तक यह संदेश पहुंचाने के लिए कहा है कि वह हर घर में जनता के पास जाकर बातचीत करें और उनको जो भी तकलीफ और असुविधा हो रही है, उनको दूर करें। विधायक पहले जितने घंटे जनता से मिलते और मेहनत करते थे, अब सभी विधायकों को दोगुनी मेहनत करनी है। उन्होंने एक बात और कही कि हमने माताओं और बहनों को हर महीने एक हजार रुपये की सम्मान राशि देने की बात कही है। किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है, जब वह जेल से बाहर आएंगे तो इसको लागू करेंगे।

### दिल्ली के गांवो को आधुनिकतम, हाईटेक और माडल विलेज बनाने की कार्य योजना तैयार करने की मांग



दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण पंचायत360 महासंघ के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने दिल्ली के उप-राज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना को एक्स पर पोस्ट करके उनसे दिल्ली के सभी सातों लोकसभा क्षेत्रों में आने वाले सभी गांवों को मोदी की गारंटी वाली दिल्ली विलेज डेवलपमेंट प्लान के तहत आधुनिकतम हाईटेक माडल विलेज बनाने की कार्य योजना तैयार करने की मांग की है। वत्स ने कहा कि आजादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी दिल्ली देहात के गांवों में बुनियादी मूलभूत जन-सुविधाएं भी। मयस्सर नहीं है। वत्स ने उप-राज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना से मांग की है कि दिल्ली देश की राजधानी है। इसलिए दिल्ली के सभी सातों लोकसभा और 70विधानसभा क्षेत्रों और 272निगम वार्डों में पड़ने वाले 360गांवों की दशा और दिशा सुधारने, उनमें विश्व स्तरीय सुविधाएं देने के लिए एक आधुनिकतम कार्य योजना की अब जरुरत महसूस की जा रही है। विदेशी मेहमान दिल्ली के गांवों में पर्यटन के लिए आएं। इसके लिए लुटियंस दिल्ली की तर्ज पर चौड़ी सड़कें, पथ प्रकाश व्यवस्था, यशोभूमि और भारत मंडपम जेसे विश्वस्तरीय सभागार, सभी गांवों का सौंदर्यीकरण, ड्रेनेज और सीवरेज सिस्टम, शुद्ध पेय जल की सप्लाई, साफ हवा के लिए प्रदूषण मुक्त वातावरण का विकास, पाइपलाइन से पीएनजी रसोई गैस, पार्क, पुस्तकालय, एजुकेशनल हब, स्पोर्ट्स कांप्लेक्स विकसित कराएं जाएं। इस कार्य योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा कराई जाए और इसे मोदी की गारंटी दिल्ली विलेज डेवलपमेंट प्लान नाम दिया जाए।

### दिल्ली के व्यापारी से लाखों रुपए जब्त

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना साहिबाबाद क्षेत्र में हिंडन एयरबेस के पास दिल्ली के व्यापारी से पुलिस ने 10 लाख रुपए बरामद किए हैं। व्यापारी पैसों का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया जिस कारण गाजियाबाद पुलिस ने पैसे जब्त कर लिए हैं। साथ ही इनकम टैक्स और अन्य एजेंसियों को सूचना दी गई है। इससे पहले भी यहीं पर 22 लाख रुपए भी बरामद हुए थे। गाजियाबाद में थाना साहिबाबाद प्रभारी अजय चौधरी ने बताया की थाना साहिबाबाद क्षेत्र में लोकसभा चुनाव और अन्य आपराधिक घटनाओं के रोकथाम के लिए वाहन और व्यक्तियों की चेकिंग चल रही थी। इसी दौरान हिंडन एयर फोर्स पुलिस चौकी के सामने भी बैरियर लगाकर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान वेगनर कार आई। उस कार में दो लोग सवार थे। कार को दिल्ली निवासी बॉबी चल रहा था। साथ में एक शख्स और बैठा था जो मूल रूप से सीतामडी बिहार का रहने वाला है और फिलहाल झरोदा दिल्ली में रह रहा है। पूछताछ में इस व्यक्ति ने अपना नाम विश्वास जायसवाल बताया। गाड़ी में एक बैग मिला जिसमें 10 लाख रुपए थे। पुलिस ने जब इन पैसों के बारे में विश्वास जायसवाल से पूछताछ की तो वह इन पैसों के बारे में सही जवाब देने में नाकाम रहा। विश्वास ने बस पुलिस को यह बताया कि उसके दोस्त ने पैसे उधार मांगे थे जिसको वह देने जा रहा था। हालांकि दोस्त और उसके बारे में अधिक जानकारी विश्वास नहीं दे पाया। पुलिस ने 10 लाख रुपए जब्त कर लिए हैं साथ इनकम टैक्स और चुनाव की अन्य एजेंसियों को इस बारे में जानकारी दे दी है। विश्वास दिल्ली में घड़ी कारोबारी है।

### गुरुग्राम के 695 पात्र परिवारों के बने हैप्पी कार्ड

गुरुग्राम। हैप्पी कार्ड के पात्र परिवारों को अभी रोडवेज बस में मुफ्त यात्रा के लिए इंतजार करना पड़ेगा। हरियाणा परिवहन विभाग की ओर से कार्ड तो बनाए जा रहे हैं, लेकिन अभी इनको एक्टिवेट नहीं किया गया। गुरुग्राम बस डिपो में 695 हैप्पी कार्ड बनकर आ चुके हैं। जिले से तीन हजार से अधिक लोगों ने हैप्पी कार्ड के लिए आवेदन किया है। संभावना है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के बाद कार्ड से पात्र परिवारों को रोडवेज बसों में मुफ्त सफर करने की सुविधा मिलेगी। प्रदेश सरकार ने एक लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले जरूरतमंद परिवारों के लिए रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा देने की योजना शुरू की है। हैप्पी कार्ड योजना के तहत पात्र परिवार रोडवेज की बसों में साल में एक हजार किलोमीटर की यात्रा निशुल्क कर सकेंगे। ई-टिकटिंग मशीन में हैप्पी कार्ड को अपलोड किया जा रहा है। जब कार्ड एक्टिवेट होंगे तो यात्रियों को परिचालक शून्य किराये का टिकट बनाकर देंगे। विभाग की तरफ से इस संबंध में चालकों-परिचालकों को भी अवगत करवा दिया गया है। योजना का लाभ लेने के लिए सबसे पहले कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पंजीकरण के बाद आवेदक के मोबाइल नंबर पर एक संदेश आएगा। बस अड्डे पर पंजीकरण नंबर के आधार पर हैप्पी कार्ड लिया जा सकता है। इसके लिए पात्र व्यक्ति को 50 रुपये शुल्क देना होगा। हरियाणा परिवहन विभाग की ओर से आवेदन फॉर्म की जांच की जाती है। तय नियमों को पूरा करने वाले परिवारों के हैप्पी कार्ड बनाए जा रहे हैं।

### कचरा प्रबंधन नहीं करने पर आरडी मॉल पर 25 हजार का जुर्माना

गुरुग्राम। नगर निगम ने ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 का पालन नहीं करने पर एक मॉल पर कार्रवाई की है। संयुक्त आयुक्त ने निरीक्षण में नियमों का उल्लंघन मिलने पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही मॉल प्रबंधन को नियमों का पालन सुनिश्चित करने के बारे में दिशा-निर्देश दिए हैं। रविवार को संयुक्त आयुक्त विजय यादव ने सफाई निरीक्षक जितेन्द्र कुमार व अन्य कर्मियों के साथ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त सेक्टर-52 स्थित आरडी मॉल में पहुंचे। यहां पर जांच के दौरान ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की अवहेलना पाई गई। संयुक्त आयुक्त के मुताबिक, मॉल प्रबंधन बल्क वेस्ट जनरेटर है और नियम के तहत प्रबंधन को अपने कचरे का निष्पादन परिसर में ही स्वयं के स्तर पर करना अनिवार्य है। निरीक्षण में पाया गया कि मॉल से निकलने वाला कचरा न तो अलग-अलग किया जा रहा है और न ही निष्पादन की कोई व्यवस्था की गई है। जिसके बाद कार्रवाई के तहत मौके पर ही मॉल प्रबंधन पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। साथ ही जल्द कचरा प्रबंधन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। संयुक्त आयुक्त ने बताया कि नियम के तहत कचरा निष्पादन न करते दोबारा पकड़े जाने पर मॉल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने खान को गिरफ्तारी से बचने के लिए ईडी के सामने आत्मसमर्पण करने को कहा

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को राहत देने से इनकार कर दिया, जिन्होंने दिल्ली वक्फ की भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन मामले में उनकी अग्रिम जमानत खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने खान को 18 अप्रैल, 2024 को सुबह 11 बजे ईडी के सामने पेश होने का निर्देश दिया। अदालत ने निर्देश दिया कि एक बार यह शर्त पूरी हो जाने पर, वारंट जारी करने का आवेदन वापस ले लिया जाएगा।

न्यायालय ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एएसजी राजू से निम्नलिखित रियायत देने को कहा। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा, यदि कोई सामग्री है तो आप उसे गिरफ्तार कर लें। यदि कोई सामग्री नहीं है तो उसे गिरफ्तार न करें। आपको धारा 19 पीएमएलए का पालन करना होगा। यह मानकर नहीं चलना चाहिए कि अगर वह सामने आएगा तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

खान पर कड़ा प्रहार करते हुए न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा, आपने समन का जवाब न देकर अपना पूरा मामला खराब कर लिया है। बार-बार समन जारी किए गए, हम उसे कैसे माफ कर सकते हैं?

अदालत ने खान को 18 अप्रैल को सुबह 11 बजे जांच एजेंसी के सामने खान की उपस्थिति के अधीन उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करने के लिए विशेष अदालत के समक्ष ईडी द्वारा दायर एक आवेदन के खिलाफ राहत भी दी।

पीठ ने फैसले में मामले की योग्यता पर दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों के संबंध में अपनी आपत्ति व्यक्त की और स्पष्ट किया कि इन टिप्पणियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा भरोसा किए गए साक्ष्य या



सामग्री से संबंधित योग्यता के आधार पर निष्कर्ष के रूप में नहीं माना जाएगा। यह मामला खान की अध्यक्षता के दौरान दिल्ली वक्फ बोर्ड भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित है। ईडी द्वारा बार-बार जारी किए गए समन से बचने और जांच में शामिल नहीं होने के उनके आचरण को देखते हुए उच्च न्यायालय ने 11 मार्च को खान की याचिका खारिज कर दी। इसके बाद खान ने अग्रिम जमानत और गिरफ्तारी से छूट की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

खान की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विक्रम चौधरी ने कहा कि खान के खिलाफ घातीय अपराध के संबंध में कोई सबूत नहीं है।

चौधरी ने यह भी कहा कि जनवरी में इस मामले में चार लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था और बाद में उन्हें गिरफ्तार किया गया था। खान का औपचारिक रूप से उन आरोपपत्रों में कोई जिक्र नहीं था।

पीठ खान की दलीलों से संतुष्ट नहीं हुई और उसने स्पष्ट कर दिया कि उसे जांच में शामिल होना ही चाहिए।

इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा था कि कानूनी तौर पर मांगे जाने पर जांच एजेंसी को सहायता या जानकारी देने से इनकार करना और ऐसा करने के लिए बाध्य होने के बावजूद उसके सामने पेश होने से इनकार करना कानून प्रवर्तन एजेंसी में बाधा डालने के समान है।

खान ने अदालत से अनुरोध किया था कि उन्हें ईडी के सामने पेश होने से छूट दी जाए क्योंकि वह एक सार्वजनिक व्यक्ति हैं, वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में गतिविधियों में व्यस्त थे और इसलिए ईडी के सामने पेश नहीं हो सके।

अदालत ने कहा कि विधायक या कोई सार्वजनिक हस्ती कानून से ऊपर नहीं है और ऐसी शख्सियतों की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखी जाती है, जिनकी वे सेवा करते हैं।

न्यायमूर्ति शर्मा ने यह भी कहा कि सार्वजनिक हस्तियों की जवाबदेही को बरकरार रखते हुए, अदालत जांच में नियमों के विभिन्न सेटों के नए क्षेत्राधिकार को लागू करने की अनुमति नहीं दे सकती है।

गौरतलब है कि अमानतुल्लाह खान पर आरोप है कि उन्होंने दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में काम करते हुए नियमों और सरकारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से विभिन्न लोगों की भर्ती की। यह भी आरोप लगाया गया है कि खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती से नकद में अपराध की बड़ी रकम अर्जित की और उसे अपने सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदने के लिए निवेश किया।

ईडी ने पांच संस्थाओं के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया, जिसमें अमानतुल्ला खान के तीन कथित सहयोगी, जीशान हैदर, दाउद नासिर और जावेद इमाम सिद्दीकी शामिल हैं, जिन्हें केंद्रीय एजेंसी ने पिछले साल नवंबर में गिरफ्तार किया था।

# केजरीवाल के साथ हो रहा आतंकवादियों जैसा सलूक : मान

नयी दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ जेल में आतंकवादियों जैसा सलूक किया जा रहा है।

मान ने सोमवार को जेल में श्री केजरीवाल से मुलाकात करने के बाद कहा कि यह देखकर दिल को काफी दुख हुआ कि जो सहूलियतें दुर्दांत अपराधियों तक को दी जाती हैं, श्री केजरीवाल को वह सुविधाएं तक नहीं दी जा रही हैं। अरविंद केजरीवाल का क्या कसूर है? उनका कसूर केवल इतना है कि उन्होंने लोगों के लिए अस्पताल, मोहल्ला क्लीनिक और स्कूल बना दिए। सभी के लिए बिजली, पानी मुफ्त कर दिया। आप उनके साथ ऐसा सुलूक कर रहे हैं, जैसे कोई बहुत बड़ा आतंकवादी पकड़ लिया हो।

उन्होंने कहा कि जेल मैनुअल के नियम के अनुसार, जेल में अच्छा आचरण होने पर आरोपी को आमने-सामने मुलाकात की इजाजत दी जा सकती है। जिस समय पी. चिदंबरम



जेल में थे और सोनिया गांधी उनसे मिलने आती थीं, तब उन्हें एक कमरे में आमने-सामने बैठाकर मुलाकात करवाई जाती थी।

प्रकाश सिंह बादल को भी आमने सामने बैठाकर मिलवाया जाता था लेकिन आज शीशे के आर-पार से फोन के जरिए ऐसे मुलाकात करवाई गई, जैसे कोई बड़ा अपराधी सामने बैठा हो।

इनको पता नहीं क्यों हमसे इतनी दुश्मनी है कि हमारे साथ आतंकवादियों की तरह व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के साथ ऐसा व्यवहार उन्हें महंगा पड़ेगा। अरविंद केजरीवाल वो कट्टर ईमानदार व्यक्ति है, जिसने पारदर्शिता की राजनीति शुरु की और भाजपा की राजनीति खत्म की।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक ने बताया कि हमें मुख्यमंत्री से मिलने के लिए 30 मिनट का समय मिला था। जैसे ही हम उनसे मिलने गए, तो उन्हें देखकर भगवंत मान भावुक हो गए और उनकी आंखे भर आईं, उनकी आंखों से आंसू निकलने लगे।

हमने उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि मेरी चिंता छोड़ो और ये बताओ कि जनता कैसी है उन्होंने पूछा कि जनता को जो मुफ्त बिजली मिल रही थी वो मिल रही है, कहीं पावर कट तो नहीं लग रहा उन्होंने पूछा कि अस्पतालों में जो दवाइयां मिल रही थीं, क्या वो अभी भी मिल रही हैं, क्या महिलाओं को अभी भी मुफ्त बस सेवा की सुविधा जारी है

पाठक के अनुसार श्री केजरीवाल ने कहा कि वह जल्द ही बाहर आएंगे और महिलाओं को जो 1000 रुपए महीना देना का वादा किया है उसे जरूर पूरा करेंगे।

### स्कूल से आ रही शिक्षिका के साथ छेड़छाड़ और मारपीट

मोदीनगर। मोदीनगर के एक गांव में छुट्टी के बाद घर जा रही शिक्षिका के साथ बाइक सवार तीन युवकों ने अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ की। छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवकों ने शिक्षिका को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक गांव निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते है। उनकी पुत्री गांव के ही एक स्कूल में शिक्षिका पद पर कार्यरत है। शिक्षिका छूट्टी के बाद स्कल से अपने घर पैदल जा रहे थे। जब वह बीच रास्ते पर पहुंची तो बाइक सवार तीन युवक आए और अश्लील हरकत करने लगे। पहले तो शिक्षिका ने युवकों की बात को अनसुना कर दिया। इसके बाद युवक वापस आए और शिक्षिका के साथ छेड़छाड़ करने लगा। युवती द्वारा शोर मचाने पर युवकों ने मारपीट की और फरार हो गए। युवती अपने घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद पजिनो ने इसकी शिकायत गोविन्दपुरी पुलिस चौकी पर की। पुलिस तहरीर आने पर कार्रवाई करने की बात कह रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तारी कर उनका शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया है।

# दिल्ली : एमसीडी की वेबसाइट एक हफ्ते से बंद

नई दिल्ली। एमसीडी की वेबसाइड करीब हफ्ते भर से ठप पड़ी होने के कारण ऑनलाइन संपत्तिकर का भुगतान नहीं हो पा रहा। संपत्तिकर जमा करने के लिए लोग धूप में निगम दफ्तरों के चक्कर काटने के लिए मजबूर हैं। वेबसाइट पर ऑनलाइन सर्विसेज की विंडो नहीं खुल रही। इस बीच एकाध बार यदि मुश्किल से ये विंडो खुल भी रही तो इसके आगे प्रॉपर्टी टैक्स की विंडो नॉट रीचेबल बता रही। निगम ने इसको दुरुस्त करने के लिए 15 अप्रैल तक का समय लोगों से मांगा था। लेकिन सोमवार को भी वेबसाइट बंद रही।

#### हर दिन ठप हो रही वेबसाइट

सिविक सेंटर में समस्याएं लेकर पहुंचे नागरिकों से पता चला कि निगम की वेबसाइट आए दिन बंद पड़ जाती है, जिस वहज से निगम सेवाओं का सुचारु रूप से लाभ नहीं मिल पा रहा। निगम के आईटी डिपार्टमेंट पर हर महीने लाखों रुपये खर्च हो रहे, जबकि इसकी ऑनलाइन सेवाएं बेहद लचर बनी हैं। एमसीडी की वेबसाइट का सर्वर धीमा रहता है।

इधर निगम अधिकारियों के मुताबिक दिल्ली में करीब 55 लाख संपत्तियां हैं, जिनमें से करीब 80 फीसदी संपत्तियां अनधिकृत कालोनियों में हैं। बाकी 20 फीसदी (करीब 11 लाख संपत्तियां) नियमित कालोनियों में हैं, जिनसे संपत्तिकर मिलता है। पिछले वित्त वर्ष में एमसीडी को करीब 2300 करोड़ रुपये संपत्तिकर के रूप में हासिल हुआ था। निगम ने मौजूदा वित्त वर्ष में करीब 2000 करोड़ रुपये ज्यादा संपत्तिकर अर्जित करने का लक्ष्य रखा है। लेकिन इसकी कार्यशैली से बिल्कुल नहीं लगता कि ये लक्ष्य हासिल होगा।

नागरिकों की शिकायत है कि जियो टैगिंग करने की वेबसाइट भी अधिकतर बंद रहती है, जिसके कारण लोग अपनी संपत्ति को टैग नहीं कर पा रहे।

निगम ने नियम बनाया है कि 31 अप्रैल तक जिन लोगों की संपत्तियां जियो टैग नहीं रहेंगी, उनको संपत्तिकर का एकमुश्त भुगतान पर मिलने वाली 10 फीसदी की छूट नहीं दी जाएगी।

### एक करोड़ की रंगदारी मांगने वाले दो शूटर गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने जबरन उगाही में लगे नरेश उर्फ सेठी और अजय जेलदार गिरोह के दो शार्प शूटर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। शूटर गौरव और लक्ष्य ने जफरपुर कलां क्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलर से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। धमकाने के लिए इन्होंने प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय पर फायरिंग की थी। पुलिस ने इनके पास से एक अत्याधुनिक स्वचालित पिस्तौल, दो कारतूस और अपराध में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल के अनुसार, जाफरपुर कलां, दिल्ली क्षेत्र में 14 अप्रैल को फायरिंग की घटना हुई थी। बदमाशों ने नजफगढ़ स्थित पवन प्रॉपर्टीज के कार्यालय पर दो राउंड फायरिंग की। पुलिस को मौके पर से दो खाली खोल मिले। उन्होंने गिरोह के सरगना नरेश सेठी-अजय जैलदार के नाम पर 1 करोड़ की मांग वाली पर्ची भी फेंकी। एसीपी उमेश बड़थ्वाल व इंस्पेक्टर रामपाल की देखरेख में एसआई अमित कुमार, हेमंत कुमार, मुकेश, एएसआई नरेंद्र व अमित गुलिया को जांच में पता लगा कि नरेश उर्फ सेठी के दो शार्प शूटर रोहतक, हरियाणा निवासी गौरव और पटौदी, निवासी लक्ष्य एक करोड़ की जबरन उगाही की वारदात में शामिल हैं।

# बीआरएस नेता कविता 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति 2021-2022 कथित घोटाले के मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधान परिषद सदस्य के. कविता की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की तीन दिनों की हिरासत अवधि पूरी होने के बाद उन्हें सोमवार को 23 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने सीबीआई की ओर से सुश्री कविता की 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने के अनुरोध पर विचार के बार यह आदेश पारित



किया।

अदालत ने आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में पहले से तिहाड़ जेल में बंद सुश्री कविता को 12 अप्रैल को तीन दिनों के लिए सीबीआई की हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया था।

सीबीआई ने अदालत के समक्ष? आरोप लगाया था कि बीआरएस नेता कविता की दिल्ली की अबकारी नीति कथित घोटाले में बड़ी भूमिका रही है।

सीबीआई ने विशेष अदालत की अनुमति के बाद सुश्री कविता से जेल में पूछाताछ के बाद गुरुवार को गिरफ्तार किया था।

तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी 46 वर्षीया कविता को ईडी ने 15 मार्च को हैदराबाद स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। इसके बाद कई दिनों तक ईडी की हिरासत में रखने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने 17 अगस्त 2022 को वित्तीय वर्ष 2021-22 (जो विवाद के बाद रद्द कर दी गई थी) के लिए अबकारी नीति बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमिताओं का आरोप लगाते हुए आपराधिक एक मुकदमा दर्ज किया था।

इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को धनशोध का एक मुकदमा दर्ज किया था।

# डॉ महेश शर्मा ने सिकन्दराबाद विधानसभा में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की

डॉ महेश शर्मा ने अपने ससंदीय क्षेत्र गौतमबुद्ध नगर के सिकन्दराबाद विधानसभा में आयोजित जन संपर्क कार्यक्रम भौखेंडा, तिलबेगमपुर, तिलडेरी, सिकन्दराबाद कार्यालय में शामिल होकर अपने क्षेत्र के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए दिनांक 26.04.2024 को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।

सिकन्दराबाद के ग्राम भौखेंडा में ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस देश में मिसाईलमैन के रूप में हमारे देष के राष्ट्रपति साहब का भी बहुत बड़ा योगदान है। इतिहास के पन्नों में लिखा है कि इस देश का मिसाइलमैन कौन था जब उन्होनें अपना मकान खाली किया तो उसमें मुझे भी रहने का सौभाग्य मिला 10 अकबर रोड, क्या शख्सियत थी उनकी, क्या ईमानदारी थी उनकी और क्या सादगी थी कि 8 कमरों का मकान था परन्तु एक कमरें में ही रहते थे बाकी दो कमरों में आसपास के कर्मचारियों के बच्चों को पढ़ाते थे एक राष्ट्रपति वो भी तो मुस्लमान थे जिनका पूरा देष ही नही पूरा वर्ल्ड पूजा करता है। आज



पूरे विष्व में मोदी जी के कारण भारत का डंका बज रहा है। 140 करोड. देषवासियों को जब मोदी जी कहते है कि ये मेरा परिवार है तो फर्क कैसे हो सकता है। आज मोदी जी के नेतृत्व में उ0 प्र0 में 42 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास गरीबों मिले हैं जिसमें केवल 24 लाख मकान हमारे मुसलमान भाईयों को मिले है। आज ही घोषणा की है कि 70 साल के उपर आयु वालों को आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख का इलाज सभी वर्गो को मुफ्त मिलेगा।


रात्रि तक जेवर विधानसभा के ग्राम लड़पुरा में जनसभा तथा बिलासपुर नगर में प्रबुद्ध व्यापारियों के साथ बैठक करके सभी को कमल के फूल का बटन दबाकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।

कार्यक्रमों में बोलते हुए सिकन्दराबाद विधायक लक्ष्मीराज, दीपक दुल्हेरा, बबली भाटी, ठा. महिपाल सिंह, मोमीन कुरैषी, सुमित शर्मा, चाहत प्रधान, राकीब, मांगेराम, निर्मल प्रधान, राहुल पंडित, दिनेश भाटी, सोनू बीडीसी, नरेन्द्र भाटी, विरेन्द्र भाटी, योगेन्द्र भाटी, लखन भाटी, वेदपाल भाटी, अजीत प्रधान, मगन भाटी, लोकमन प्रधान, अनिल पंडित, राजेश शर्मा, नवीन डाढा, ओमवीर चौहान, सुरेन्द्र चौहान, गौरव शर्मा, कुलदीप शर्मा, कुलदीप शर्मा, निकुंज शर्मा समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### दिल्ली में 44 दिनों में 11.28 करोड़ कैश, भारी मात्रा में शराब और ड्रग्स भी जब्त

दिल्ली। लोकसभा चुनाव प्रचार में इस्तेमाल होने वाले धनबल और अन्य अवैध चीजों इस्तेमाल करने वाले पर विभिन्न एजेंसियों ने नकेल कसना शुरू कर दिया है। बीते 44 दिनों में दिल्ली में 11.28 करोड़ नकद विभिन्न एजेंसियों ने पकड़ा है। साथ ही भारी मात्रा में शराब और ड्रग्स भी पकड़ा गया है। निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि बीते एक मार्च से 13 अप्रैल के दौरान दिल्ली में लोकसभा चुनाव को लेकर कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई लगातार जारी है। इस अवधि के दौरान नकदी, ड्रग्स, शराब जैसे चीजों को भारी मात्रा में जब्त किया गया है। चुनाव आयोग से मिले आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में बीते 44 दिनों में 11.28 करोड़ नकद के अलावा कुल 236 करोड़ रुपये के अवैध सामान बरामद किए गए हैं। इसमें बहुमूल्य धातु और चुनाव में मुफ्त सामान बांटने जैसी चीजें भी हैं। अधिकारियों ने बताया कि बरामद किए गए सामान लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल किया जाना था।

# समारोहपूर्वक मनाई गई बैसाखी एवं डॉ. अम्बेडकर जयंती



गाजियाबाद। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विवेकानंद सभागार में आयोजित बैसाखी व डा. अम्बेडकर जयंती समारोह में छात्र-छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर रंग जमा दिया। गीत, सम्भाषण, स्लोगन व कविता पाठ कर उन्होंने डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर के आदर्शों व सत्कार्यों को रेखांकित किया। इस मौके पर मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने कहा कि सभी धर्म चाहते हैं कि समाज से वर्ण व्यवस्था व जातीय कुप्रथा समाप्त हो और समाज में अमन-चैन कायम हो। महापुरुषों ने सदा समाज को एकजुट करने के लिए नये पंथ चलाये और दलितोद्धार के प्रयास किये।

डॉ. अलका अग्रवाल ने बैसाखी पर्व को जहां खुशियों, उत्साह, उमंग व जोश का प्रतीक बताया वहीं उन्होंने डॉ. अम्बेडकर के कार्यों व आदर्शों का उल्लेख किया। बताया कि कैसे सद्भावना, सम्भाव व दलितों के उद्धार के लिए बाबा साहेब ने देश के संविधान का निर्माण किया। दलितों के मसीहा बनकर उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए कड़ा संघर्ष किया। इससे पहले समारोह की शुरुआत निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर की। उन्होंने डॉ.अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद बी.एड, एचएसएस, बीबीए, बीसीए, बायोटेक, एलएलबी आदि विभागों के छात्र-छात्राओं नंदिनी, कशिश, गौरी त्यागी, तृप्ति, तनु, रिया आदि ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तमाम विभागों का शिक्षण स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

नई दिल्ली
मंगलवार 16 अप्रैल 2024
Www.gauravshalibharat.com

## संपादकीय

# अर्थव्यवस्था को मिल रही नई दिशा

गांवों का महत्व एवं उनकी अर्थव्यवस्था पर निर्भरता हमारे समाज के विकास में महत्वपूर्ण है। गांव भारतीय समाज की आत्मा होते हैं जो भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। हालांकि, गत कुछ दशकों में गांवों की अर्थव्यवस्था में कई बदलाव आए हैं। भारतीय समाज में गांवों का महत्व अत्यंत उच्च है। गांव भारतीय सभ्यता की धारा और भारतीय अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गत कुछ वर्षों में गांवों के अर्थतंत्र में कई बदलाव आए हैं, जिसका गहरा प्रभाव समाज पर हो रहा है। इस लेख में, हम देखेंगे कि गांवों से मिल रही अर्थव्यवस्था को कैसे नई दिशा मिल रही है और यह कैसे समाज के विकास में योगदान दे रहा है। गांव भारतीय समाज का आधार है। यहां के लोग खेती, पशुपालन, और संभावना सेवाएं प्रदान करके समृद्धि में योगदान करते हैं। गांव के महत्व को समझने के लिए हमें केवल उसकी अर्थव्यवस्था को देखना ही काफी नहीं है, बल्कि हमें उसके सामाजिक संरचना, संस्कृति, और परंपराओं को भी समझना चाहिए।

### गांवों से मिल रही नई दिशा

पिछले कुछ दशकों में, गांवों की अर्थव्यवस्था में कई बदलाव आए हैं। गांव के लोग अब नए और आधुनिक तकनीक का उपयोग कर रहे हैं और उनके आय का स्रोत भी बदल रहा है। यहां कुछ मुख्य बदलाव हैं

### 1. खेती में प्रौद्योगिकी का उपयोग

गांव के किसान अब नई तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं जैसे कि सिंचाई के लिए ड्रिप आईड्रोप, उन्नत खेती के तरीके, और उन्नत बीज। यह तकनीकी उन्नति न केवल उत्पादन को बढ़ावा देती है, बल्कि खेती के कार्य को भी सुगम और अधिक उत्पादक बनाती है।

### 2. गांव के उद्योगों का विकास

पिछले कुछ वर्षों में, गांवों में छोटे और मध्यम उद्योगों का विकास हुआ है। यह उद्योग गांव के लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान कर रहे हैं और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहे हैं।

### 3. डिजिटल साधनों का प्रयोग

गांवों में डिजिटल साधनों का प्रयोग भी बढ़ रहा है। डिजिटल परिवहन, ई-कॉमर्स, और ई-बैंकिंग के जरिए, गांव के लोग अब अधिक संजीवनीकृत बाजारों तक पहुंच सकते हैं और अपने उत्पादों को व्यापार कर सकते हैं।

### 4. सामुदायिक विकास

गांवों में सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अनेक संगठन और सरकारी योजनाएं चल रही हैं। इन योजनाओं के तहत, गांव के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। गांवों से मिल रही अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलने से न केवल गांव के लोगों को लाभ हो रहा है, बल्कि इससे पूरे समाज का विकास हो रहा है।

# आरबीआई महंगाई पर नियंत्रण करने का कर रहा प्रयास

खुदरा महंगाई की दर में आई ताजा कमी की बड़ी वजह तेल, गैस और बिजली की कीमतों का घटना है।

मार्च महीने में खुदरा महंगाई का रुख कुछ नरमी लिए दर्ज हुआ। निस्संदेह यह राहत की बात है। फरवरी में खुदरा महंगाई की दर 5.09 फीसद थी, जो मार्च में घट कर 4.85 फीसद पर आ गई। यह पिछले दस महीनों का सबसे निचला स्तर है।

हालांकि रिजर्व बैंक लगातार दावा करता रहा है कि वह महंगाई पर बहुत जल्दी काबू पा लेगा और इसे चार फीसद पर स्थिर कर सकेगा।

स्वाभाविक ही ताजा आंकड़े से रिजर्व बैंक ने कुछ राहत की सांस ली होगी। मगर दावा करना मुश्किल है कि आगे भी महंगाई का रुख नीचे की तरफ ही बना रहेगा।

खुदरा महंगाई की दर में आई ताजा कमी की बड़ी वजह तेल, गैस और बिजली की कीमतों का घटना है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में जिस तरह कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव आ रहा है, उसमें महंगाई को लेकर कोई अंतिम दावा करना कठिन है।

खुदरा महंगाई में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कोई खास अंतर दर्ज नहीं हुआ है। फरवरी में खाद्य वस्तुओं की महंगाई 7.8 फीसद दर्ज हुई थी, जो मार्च में घट कर 7.7 हो गई।

सबसे चिंता की बात है कि रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाले मोटे अनाज, दूध, अंडे वगैरह की कीमतों में कोई कमी दर्ज नहीं हुई है। आखिर आम लोगों का वास्ता तो इन्हीं चीजों से होता है।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महंगाई का अंतर भी चिंता की एक बड़ी वजह है। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 5.45 फीसद है, जबकि शहरी क्षेत्रों में 4.14 फीसद है।

यह 1.31 फीसद का अंतर पिछले तेईस महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है। यानी ग्रामीण लोगों पर महंगाई की मार शहरी लोगों की अपेक्षा अधिक पड़ रही है, जबकि क्रयशक्ति की दृष्टि से ग्रामीण लोगों की क्षमता शहरी लोगों की अपेक्षा कम होती है।

उत्पादन के मामले में तेईस प्रमुख विनिर्माण उद्योगों में से दस का उत्पादन घटा है।

रिजर्व बैंक अपनी रेपो दर को यथावत बनाए रख कर महंगाई के मोर्चे पर कामयाबी हासिल करने का प्रयास कर रहा है, मगर जिस तरह अनेक स्तरों पर विसंगतियां और असंतुलन नजर आ रहा है, उसमें महंगाई पर काबू पाना उसके लिए चुनौती बना हुआ है।

एक तरफ बड़ी कारों और भवनों की बिक्री में तेजी दर्ज हो रही है, तो दूसरी तरफ औद्योगिक इकाइयों के उत्पादन में कमी देखी जा रही है। जिस मौसम में अनाज, फल और सब्जियों की बाजार में आवक तेज होती है, उसमें भी उनकी कीमतें ऊपर बनी रहती हैं।

महंगाई दरअसल, अर्थव्यवस्था में असंतुलन का संकेतक होती है। भले विकास दर के सात फीसद पर रहने के अनुमान और भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने के आंकड़ों से देश में समृद्धि के संकेत मिलते हों, पर हकीकत यह है कि खुद सरकार के मुताबिक करीब बयासी करोड़ लोग मुफ्त के राशन पर निर्भर हैं। रोजगार के मामले में स्थिति निरंतर भयावह होती जा रही है।

सामान्य बोध यही है कि रोजगार के नए अवसर सृजित होते हैं तो लोगों की क्रयशक्ति बढ़ती है और उससे बाजार में पूंजी का प्रवाह तेज होता है। मगर इस दिशा में कोई व्यावहारिक कदम नहीं उठाए जा पा रहे हैं।

चुनाव के मद्देनजर ईंधन की कीमतों में कमी करने से महंगाई का रुख जरूर कुछ नीचे की तरफ हो गया है, पर यह स्थायी और व्यावहारिक समाधान नहीं है। बुनियादी कमजोरियों को दूर किए बिना शायद ही जमीन पर बेहतरी नजर आए।

# अरुणाचल प्रदेश में विपक्ष की भूमिका निभाने में विफल रही कांग्रेस को क्या माफ किया जाना चाहिए ?

**नीरज कुमार दुबे**



राज्य में दशकों तक शासन करने वाली कांग्रेस की इस समय क्या स्थिति है इसे इस बात से भी समझ सकते हैं कि 10 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन के बाद जिन 50 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव कराया जा रहा है उसमें भी कांग्रेस ने सिर्फ 19 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किये हैं।

कांग्रेस और विपक्ष के तमाम नेता दिल्ली में बैठ कर दावे करते हैं कि लोकतंत्र को कुचला जा रहा है, देश में तानाशाही का माहौल बनाया जा रहा है और विपक्ष को जांच एजेंसियों का डर दिखाया जा रहा है। लेकिन जब आप राज्यों में जाकर देखेंगे तो पाएंगे कि विपक्ष अपनी भूमिका सही ढंग से नहीं निभा रहा है। इस बात का सबसे सशक्त उदाहरण अरुणाचल प्रदेश है। अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव साथ ही हो रहे हैं। राज्य में लोकसभा की दो सीटें हैं जबकि विधानसभा की 60 सीटें हैं। इस चुनाव को लेकर विपक्ष कितना गंभीर है इसका अंदाजा आपको इस बात से ही लग जायेगा कि दस विधानसभा सीटें भाजपा चुनाव से पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है क्योंकि इन दस सीटों पर विपक्ष का कोई भी दल अपना उम्मीदवार नहीं खड़ा कर सका।

राज्य में दशकों तक शासन करने वाली कांग्रेस की इस समय क्या स्थिति है इसे इस बात से भी समझ सकते हैं कि 10 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन के बाद जिन 50 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव कराया जा रहा है उसमें भी कांग्रेस ने सिर्फ 19 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किये हैं। यानि कांग्रेस राज्य की 60 में से सिर्फ 19 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसका मतलब यह है कि वह यह चुनाव जीतने के लिए या सरकार बनाने के लिए लड़ ही नहीं रही है। सवाल उठता है कि क्या यही है लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका ? सवाल उठता है कि जो दल विपक्ष की भूमिका के साथ न्याय नहीं कर पा रहा वह यदि सत्ता में आया तो क्या कर पायेगा ? देखा जाये तो विपक्ष अपनी भूमिका सही ढंग से नहीं निभाये तो लोकतंत्र को खतरा हो सकता है। इसलिए मतदाताओं को चाहिए कि कांग्रेस को मुख्य विपक्ष की भूमिका से भी कुछ समय के लिए बाहर कर किसी और दल को यह अवसर दें। आप विडंबना देखिये कि अरुणाचल प्रदेश में कांग्रेस ने जिन 19 उम्मीदवारों को उतारा है उसमें से 17 नये चेहरे हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस का टिकट लेने के लिए कोई पुराना नेता राजी ही नहीं था इसलिए नये चेहरों को आगे बढ़ाया गया है। संभवत: यही कारण है कि राहुल गांधी ने अरुणाचल प्रदेश में अपनी पार्टी का चुनाव प्रचार नहीं किया जबकि वह अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर इस साल के शुरू में अरुणाचल पहुँचे थे।

चुनावों में जनता से किये जा रहे वादों की बात करें तो कांग्रेस एक ओर जहां तमाम तरह के न्यायों की गारंटी देने की बात कर रही है वहीं भाजपा ने विकसित भारत, विकसित अरुणाचल प्रदेश नामक संकल्प पत्र में तमाम वादे जनता से किये हैं। महिला सशक्तिकरण, राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण, युवाओं के लिए तमाम सहूलियतें, सरकार की जवाबदेही, राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई और कदम उठाने, राज्य की संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने, सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर आगे बढ़ते रहने, किसानों को आर्थिक दृष्टि से मजबूत बनाने और राज्य की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने जैसे कई प्रमुख वादे किये गये हैं जोकि जनता को भा रहे हैं।

आप पूरे अरुणाचल प्रदेश में पाएंगे कि कांग्रेस चुनाव प्रचार से पूरी तरह गायब है जबकि भाजपा के नेता और कार्यकर्ता गली-गली घूम रहे हैं। वैसे अरुणाचल प्रदेश की यह बात अच्छी लगी कि यहां राजनीतिक पार्टियां उत्तर भारत की तरह अनाप शनाप खर्चे नहीं करतीं। यहां लगातार बड़ी रैलियां आयोजित करने से बचा जाता है और लाउडस्पीकरों पर दिनभर अपने उम्मीदवार के लिए प्रचार करते चुनावी वाहनों से मचने वाले शोर भी नहीं सुनाई देते। यहां घर-घर संपर्क और सामाजिक रूप से होने वाले जन एकत्रिकरण के दौरान लोगों को अपने वादों और उपलब्धियों से अवगत कराया जाता है।

अरुणाचल प्रदेश में उम्मीदवारों की बात करें तो 50 विधानसभा सीटों के लिए कुल 133 उम्मीदवार मैदान में हैं। सभी सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। पहले विधानसभा चुनावों की मतगणना लोकसभा चुनावों की मतगणना वाले दिन ही कराने का ऐलान किया गया था लेकिन राज्य विधानसभा का कार्यकाल खत्म होने के चलते अब दो जून को ही पता चल जायेगा कि राज्य में किस पार्टी की सरकार बनेगी। हम आपको बता दें कि भाजपा के जिन 10 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की है उनमें मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी शामिल हैं। भाजपा यहां सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है इसलिए सवाल उठता है कि क्या बहुमत मिलने पर पेमा खांडू ही फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे या राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की तरह भाजपा यहां भी किसी नये चेहरे को आगे करेगी ?

विधानसभा चुनावों में भाजपा ने सभी 50 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं जबकि विपक्षी कांग्रेस केवल 19 सीटों पर लड़ रही है। इसके अलावा, मेघालय स्थित एनपीपी ने 20 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं जबकि एनसीपी 14 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) 11 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसके अलावा, अरुणाचल डेमोक्रेटिक पार्टी ने चार सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) एक सीट से लड़ रही है। इसके अलावा 14 निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं। आंकड़ों के मुताबिक कुल 80 उम्मीदवार पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। विधानसभा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों में आठ महिलाएं हैं- जो राज्य में अब तक के किसी भी विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक संख्या है। भाजपा ने चार महिलाओं को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने तीन महिलाओं को मैदान में उतारा है और एक महिला निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भी चुनावी मैदान में है।

दूसरी ओर, अरुणाचल प्रदेश की दो लोकसभा सीटों की बात करें तो यहां कुल 14 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। अरुणाचल पश्चिम सीट पर आठ उम्मीदवार और अरुणाचल पूर्व सीट पर छह उम्मीदवार मैदान में हैं। एक साथ होने वाले चुनावों में कुल 8,86,848 लोग मतदान करने के पात्र हैं। राज्य में कुल 2,226 मतदान केंद्र हैं और उनमें से 228 तक ही पैदल पहुंचा जा सकता है।

लोंगडिंग विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 2-पुमाओ प्राइमरी स्कूल में मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक 1,462 है, जबकि ह्युलियांग निर्वाचन क्षेत्र के मालोगम गांव में केवल एक मतदाता है। इसके अलावा, तवांग जिले के मुक्तो निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्र संख्या 18-लुगुथांग राज्य का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र है, जो 13,383 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। बहरहाल, कुल मिलाकर देखें तो ऐसा लगता है कि यह शांत प्रदेश इस बात को तय कर चुका है कि राज्य और देश के हित में किस पार्टी की सरकार बनानी है।

# पवित्र नवरात्री के आठवें दिन आदि शक्ति माँ दुर्गा के महागौरी स्वरूप की उपासना

माँ दुर्गा का अष्टम रूप महागौरी हैं। महागौरी की चार भुजाएं हैं उनकी दायीं भुजा अभय मुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में त्रिशूल शोभता है। बायीं भुजा में डमरू डम डम बज रहा है और नीचे वाली भुजा से देवी गौरी भक्तों की प्रार्थना सुनकर वरदान देती हैं। जो स्त्री इस देवी की पूजा भक्ति भाव सहित करती हैं उनके सुहाग की रक्षा देवी स्वयं करती हैं। कुंवारी लड़की मां की पूजा करती हैं तो उसे योग्य पति प्राप्त होता है। पुरूष जो देवी गौरी की पूजा करते हैं उनका जीवन सुखमय रहता है देवी उनके पापों को जला देती हैं और शुद्ध अंतःकरण देती हैं। मां अपने भक्तों को अक्षय आनंद और तेज प्रदान करती हैं। इनका वर्ण पूर्णतः गौर है, इसलिए ये महागौरी कहलाती हैं। नवरात्रि के अष्टम दिन इनका पूजन किया जाता है। इनकी उपासना से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। माँ महागौरी की आराधना से किसी प्रकार के रूप और मनोवांछित फल प्राप्त किया जा सकता है। उजले वस्त्र धारण किये हुए महादेव को आनंद देवे वाली शुद्धता मूर्ती देवी महागौरी मंगलदायिनी हैं।

इनका वर्ण पूर्णतः गौर है। इस गौरता की उपमा शंख, चन्द्र और कून्द के फूल से की गयी है। इनका दाहिना ऊपरी हाथ में अभय मुद्रा में और निचले दाहिने हाथ में त्रिशूल है। बांये ऊपर वाले हाथ में डमरू और बांया नीचे वाला हाथ वर की शान्त मुद्रा में है।

पार्वती रूप में इन्होंने भगवान शिव को पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इन्होंने प्रतिज्ञा की थी कि व्रियेअहं वरदं शम्भुं नान्यं देवं महेश्वरात। गोस्वामी तुलसीदास के अनुसार इन्होंने शिव के वरण के लिए कठोर तपस्या का संकल्प लिया था जिससे इनका शरीर काला पड़ गया था। इनकी तपस्या से प्रसन्न होकर जब शिव जी ने इनके शरीर को पवित्र गंगाजल से मलकर धोया तब वह विद्युत के समान अत्यन्त कांतिमान गौर हो गया, तभी से इनका नाम गौरी पड़ा।

महागौरी आदी शक्ति हैं इनके तेज से संपूर्ण विश्व प्रकाश-मान होता है इनकी शक्ति अमोघ फलदायिनी है। माँ महागौरी की अराधना से भक्तों को सभी कष्ट दूर हो जाते हैं तथा देवी का भक्त जीवन में पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी बनता है।

दुर्गा सप्तशती में शुभ निशुम्भ से पराजित होकर गंगा के तट पर जिस देवी की प्रार्थना देवतागण कर रहे थे वह महागौरी हैं। देवी गौरी के अंश से ही कौशिकी का जन्म हुआ जिसने शुम्भ निशुम्भ के प्रकोप से देवताओं को मुक्त कराया। यह देवी गौरी शिव की पत्नी हैं यही शिवा और शाम्भवी के नाम से भी पूजित होती हैं।

माँ महागौरी पूजा विधि

नवरात्रे के दसों दिन कुवारी कन्या भोजन कराने का विधान है परंतु अष्टमी के दिन का विशेष महत्व है। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए देवी मां को चुनरी भेंट करती हैं।

देवी गौरी की पूजा का विधान भी पूर्ववत है अर्थात जिस प्रकार सप्तमी तिथि तक आपने मां की पूजा की है उसी प्रकार अष्टमी के दिन भी देवी की पंचोपचार सहित पूजा करें। महागौरी रूप में देवी करूणामयी, स्नेहमयी, शांत और मृदुल दिखती हैं।




# मैं चुनाव जीतना नहीं चाहता बल्कि केवल हारना चाहता हूं



चुनावी इतिहास में सबसे असफ़ल उम्मीदवार का नाम लिम्का, एशिया और दिल्ली बुक ऑफ़ रिकॉर्ड में दर्ज़

लोकसभा चुनाव 2024- धरतीपकड़ उम्मीदवारों द्वारा अपनी उम्मीदवारी का शतक लगाकर रिकॉर्ड बनाने के ज़ज्बे को रेखांकित करना होगा-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर आज दुनियां का हर शख्स, चाहे वह पुरुष महिला या फिर ट्रांसजेंडर हो अपने जीवन के हर पड़ाव पर केवल सफ़ल होना चाहता है, जीत हासिल करना चाहता है। अपनी सफलता के रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स या फिर लिम्का एशिया और दिल्ली बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज करना चाहता है, जो सही भी है उनके इस जज्बे, हिम्मत और चाहत को मैं सेल्यूट करता हूं। परंतु चूंकि अभी लोकसभा चुनाव 2024 का महापर्व 19 अप्रैल से 1 जून 2024 तक शुरू हो रहा है, जिनका प्रचार व प्रसार काफी जोरों पर है, इसलिए ऐसे कुछ व्यक्तियों की हमें याद आ गई जो अपने जीवन में चुनावी असफलताओं और सबसे कम वोट पाने तथा हारने का रिकॉर्ड बनाने के लिए अपना जीवन निश्चयावर कर दिए हैं, जिसको रेखांकितकरना जरूरी है, क्योंकि जहां एक और एक उम्मीदवार जीत दर्ज करने के लिए साम दाम दंड भेद सहित आर्थिक तिजोरी खोल देता है, वहीं दूसरी ओर यह व्यक्तित्व चुनाव हारने के लिए ही चुनाव लड़ते हैं और लिम्का एशिया तथा दिल्ली बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कर चुके हैं। मीडिया में रिसर्च करने पर मुझे ऐसे पांच-सात व्यक्तित्व मिले परंतु क्योंकि मैं उनसे मिला नहीं हूं, इसलिए इसकी सटीकता का को प्रमाणित नहीं किया जा सकता। इन सब में सबसेसीनियर उम्मीदवार क़रीब 100 वर्षीय याने बिहार के काका जोगिंदर सिंह जिनका जन्म अखंड भारत वर्तमान में पड़ोसी मुल्क में हुआ था वह करीब 300 से अधिक बार चुनाव लड़ चुके हैं, जिनका अभी हाल ही में देहांत हो चुका है। दूसरे इलेक्शन किंग तमिलनाडु के पद्मराजन जो करीब 281 बार चुनाव लड़े हैं। तीसरे मध्य प्रदेश के परमानंद तोलानी चौथे राजस्थान के शंकरलाल और पांचवें हैदराबाद के रविंद्र तथा छठवें धनुराम अंबेडकर जिनके बारे में हम नीचे पैरा में चर्चा करेंगे, क्योंकि इनमें से कुछ का कहना, मैं चुनाव जीतना नहीं चाहता बल्कि केवल हारना चाहता हूं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, लोकसभा चुनाव 2024 धरतीपकड़ उम्मीदवारों द्वार अपनी उम्मीदवारी का शतक लगाकर रिकॉर्ड बनाने के जज्बे को रेखांकित करना होगा।

साथियों बात अगर हम स्वर्गीय काका जोगिंदर सिंह धरती पकड़ की करें तो, वे 300 से ज्यादा चुनाव लड़े और हारे। वैसे धरती पकड़ नेता अब कम ही मिलते हैं। फिर भी कुछ विभूतियां हैं जो हर चुनाव में आ जाती हैं ताल ठोकने उनके लिए हारना भी एक तरह की कला बन गया है। ये पैदा तो अखंड भारत में हुए थे, लेकिन मुल्क ने सरहदें बना दीं तो इस पार चले आए। लाहौर की गलियों से भागलपुर तक पहुंचने में मीलों धरती नापी। फिर अपनी जिद और अक्खड़ बिहारीपन के लिए मशहूर हुए तो नगरपालिका से लेकर देश के राष्ट्रपति पदतक के चुनावमें हिस्सा लेकर अपनी मौजूदगी की धमक बरकरार रखी। कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक चुनावी समर का हिस्सा बन चुके हैं। लोकतंत्र की मर्यादा बताने के लिए लड़ते रहे हर बार चुनाव लड़ने का रिकॉर्ड दर्ज कर चुके धरती पकड़ अपने जीवन एक बार भी चुनाव नहीं जीत सके। लेकिन, हार कभी इन्होंने माना ही नहीं। हर चुनाव हारने के बाद फिर अगले चुनाव की तैयारी। अपनी हार के सिलसिले पर धरती पकड़ कहते हैं, मैं लोकतंत्र में एक आम आदमी की अहमियत को बताना और उसे साबित करना चाहता हूं। जीत-हार की मेरी जिंदगी अहमियत नहीं है, मैं सोसायटी को ताउम्र यह मैसेज देने की कोशिश में जुटा रहा कि, देश और लोकतंत्र में सबकी अहमियत बराबर है, इसलिए नाम पड़ा धरती पकड़ 100 बसंत गुजार चुके। साथियों बात अगर हम इलेक्शन किंग के पद्मराजन की करें तो, तमिलनाडु के सेलम जिले के मेट्टूर के रहने वाले के. पद्मराजन किसी भी चुनाव में जीतने के लिए नहीं बल्कि हारने के लिए खड़े होते हैं। लेकिन फिर भी दुनियां इन्हें इलेक्शन किंग के नाम से जानती है। 65 वर्षीय टायर मरम्मत की दुकान के मालिक के. पद्मराजन 1988 से यानी 36 सालों से चुनाव लड़ रहे हैं, वह अब तक 238 चुनाव लड़ चुके हैं। के. पद्मराजन के नाम भारत में सर्वाधिक चुनाव लड़ने का रिकॉर्ड है, इसमें से वह अब तक एक बार भी जीते नहीं हैं। चुनावी हार को देखते हुए उन्हें जनता वर्ल्ड बिगेस्ट इलेक्शन लूजर का भी तमगा दे चुकी है। वे साइकिल मरम्मत की दुकान चलाते हैं। उनकी स्कूली शिक्षा भी पूरी नहीं हुई थी, तब से वह साइकिल मरम्मत का काम कर रहे हैंहालांकि बिना कॉलेज गए उन्होंने डिस्टेंस एजुकेशन से इतिहास में ग्रेजुएशन की डिग्री ली है। इनका परिवार भी उनके साथ हैं। इन्होंने 2004 में लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी के खिलाफ चुनाव लड़े थे। 2007 और 2013 में असम में मनमोहन सिंह के के खिलाफ चुनावी मैदान में थे। 2014 में वडोदरा में मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी वह चुनौती दे चुके हैं। इन्होंने 2019 में राहुल गांधी के खिलाफ वायनाड से भी चुनाव लड़े चुके हैं। इनके नाम सबसे ज्यादा चुनाव लड़ने का एक असाधारण ट्रैक रिकॉर्ड है, उन्होंने पंचायत चुनाव और यहां तक कि राष्ट्रपति चुनाव सहित 238 चुनावों में हिस्सा लिया है, लेकिन कभी जीत नहीं पाए। वे अब तक 12 अलग अलग राज्यों में, अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ चुके हैं। वे अब फिर से इस लोकसभा चुनाव 2024 में भी चुनाव लड़ने जा रहे हैं। इस बार के. पद्मराजन धर्मपुरी निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में होंगे, इनका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और दिल्ली बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में चुनावी इतिहास के सबसे असफल उम्मीदवार के रूप में दर्ज है। उन्होने कहा है कि, अब तक, मैंने अटल बिहारी वाजपेयी, पीवी नरसिम्हा राव, जे जयललिता, एम करुणानिधि, ए के एंटनी वायलार रवि, बीएसयेदियुरप्पा, एस बंगारप्पा, एसएम कृष्णा, विजय माल्या, सदानंद गौड़ा और अंबुमणि रामदास के खिलाफ चुनाव लड़ा है। मैं कुल मिलाकर छह बार राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव भी लड़ चुका हूं। मैं जीतना नहीं चाहता, बल्कि केवल हारना चाहता हूं, क्योंकि आप जीत का स्वाद केवल एक निश्चित समय के लिए ही चख सकते हैं, लेकिन आप हमेशा के लिए हार झेल सकते हैं। उन्होने कहा उसका सारा खर्चा साइकिल मरम्मत की दुकान से जो कमाई होती है, वे अब तक चुनाव लड़ने में लगभग 1 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं यहां तक कि 1991 में नरसिम्हा राव के खिलाफ चुनाव लड़ते समय आंध्र प्रदेश में अपहरण की घटना ने भी उनके उत्साह को कम नहीं किया था।

# शार्ट न्यूज

## लखीमपुर-खीरी में महिला की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर खीरी के थाना भीरा क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पीलीभीत जिले के थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव अटकोहना निवासी कुलदीप सिंह ने अपनी 24 वर्षीय बेटी हरप्रीत कौर की शादी खीरी जिले के थाना भीरा क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद, अलीगंज निवासी बलवंत सिंह पुत्र मनप्रीत के साथ पांच साल पहले की थी। मृतका के पिता कुलदीप सिंह ने बताया कि बेटी के शरीर पर चोट के निशान हैं। ससुरालियों ने पीटपीटकर मार डाला है। इसके बाद घटना की सूचना भी नहीं। उनको सूचना गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा मिली। उन्होंने बताया कि जब वह बेटी के घर पहुंचे तो उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा था। मृतका अपने पीछे करीब साढ़े तीन वर्ष का बेटा छोड़ गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतका के पिता कुलदीप सिंह ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगा रहे थे।

## अवैध असलहा फैक्ट्री का खुलासा, एक गिरफ्तार

बांदा। बांदा पुलिस सोमवार को अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। साथ ही एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में निर्मित और अर्धनिर्मित असलहा, कारतूस और शस्त्र बनाने का सामान बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया की पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की कालिंजर थाना अंतर्गत बागे नदी के किनारे खेरा पति मंदिर ग्राम गोपरा के पास बीहड़ में भारी मात्रा में अवैध शस्त्रों को बनाया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छापेमारी कर एक अभियुक्त को अवैध शस्त्र को बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से भारी मात्रा में निर्मित, अर्धनिर्मित, बंदूक, शस्त्र बनाने का उपकरण बरामद किया है। अवैध शस्त्रों की बिक्री बांदा जनपद के आसपास के जनपदों में बिक्री करने की तैयारी में थे। अभियुक्त के पास से 5 देसी तमंचा 315 बोर, 3 देसी तमंचा 12 बोर, देसी रिवाल्वर 32 बोर, 1 अवैध अर्धनिर्मित पिस्टल 32 बोर, बंदूक, 7 जिंदा कारतूस, 6 नाल पाइप लोहा और भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सकलडीहा। चंदौली के सकलडीहा में पुलिस ने एक युवक को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया है। युवक एक युवती को शादी का झांसा देकर चार साल तक दुष्कर्म किया। बाद में शादी करने से मुकर गया।इसपर युवती ने बीते दिनों परिजनों संग कोतवाली में पहुचकर शिकायत की थी। जिसपर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक धरहरा गांव का निवासी सुरेंद्र कुमार का पुत्र अश्वनी कुमार उर्फ राकी है। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने आरोप लगाया था कि एक युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ चार साल तक संबंध बनाया। इस दौरान युवती ने युवक से शादी की बात करती तो युवक नौकरी लगने पर शादी की बात करता रहा। इधर अब धीरे-धीरे वह युवती से मिलना कम कर दिया था। साथ ही कहीं और अपनी शादी की बात कर रहा था। जब यह बात युवती को पता चली तो वह युवक से ऐसा ना करने और खुद से शादी के लिए कहा लेकिन युवक तैयार नहीं हुआ। आरोप है कि शादी की बात करने पर पूरे परिवार से गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने लगा। इसपर युवती ने कोतवाली में लिखित शिकायत किया। कोतवाल संजय कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को सकलडीहा के अलीनगर तिराहा स्थित बस स्टैंड से दोपहर में युवक को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## 5 फीट गहरे गड्ढ़े में मिली बच्चे की लाश

झांसी। झांसी में सोमवार को 10 साल के बच्चे की लाश गंदे पानी से भरे एक गड्ढ़े में मिली है। वह 3 दिन से लापता था। आज शव ऊपर आया तो गांव वालों ने देखा। उसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अभी मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। पूरी घटना गुरसराय थाना क्षेत्र के मडोरी गांव की है। मडोरी गांव के नरेश उर्फ कल्लू आदिवासी का 10 साल का बेटा नितिक तीसरी कक्षा में पढ़ता था। उसके चचेरे चाचा राहुल आदिवासी ने बताया कि 12 अप्रैल को नितिक घर से 150 मीटर दूर एक दुकान में समोसा लेने के लिए गया था। इसके बाद वह घर लौटकर नहीं आया। शाम होने के बाद नितिक की तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। तब थाने जाकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। राहुल ने आगे बताया, नितिक के लापता होने के बाद हम लोग उसकी तलाश में जुटे थे। आसपास के गांवों और बस स्टैंड पर तलाश किया। रिश्तेदारियों में भी जाकर देखा, लेकिन रितिक को कोई सुराग नहीं लग रहा था। आज सोमवार को हम लोग नितिक को ढूंढ़ने सेसा गांव गए थे। इधर, सूचना आ गई कि नितिक की लाश गड्ढे में मिली है। इस पर हम लोग मौके पर पहुंचे। वहां लाश पड़ी हुई थी।

## भतीजे ने चाचा की ईंट से कूचकर की हत्या

बस्ती। बस्ती में आज सुबह भतीजे ने चाचा की बाग में ईंट से कूचकर हत्या कर दी। इसके बाद वहां से फरार हो गया। बुजुर्ग को खून से लथपथ देख ग्रामीणों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई। घटना हर्रैया थाना क्षेत्र के डहडा की है। बताया जा रहा है कि डहडा निवासी ब्रह्मदेव शुक्ल (76) सोमवार की सुबह अपने बाग में महुआ बीनने गए थे। उनका भतीजा राघवेंद्र (33) भी वहां पहुंचा और उन्हें गालियां देते हुए मारने-पीटने लगा। जिससे दोनों में हाथापाई शुरू हो गई। तभी राघवेंद्र ने अपने चाचा के सिर पर ईंट से प्रहार कर दिया। जिसके चलते उनका सिर फट गया और वे जमीन पर गिर गए। इसके बाद वह मरने तक सिर पर ईंट से वार करता रहा। परिजनों ने बताया कि चार दिन पूर्व वह अपने चाचा की साइकिल बिना बताए लेकर कहीं चला गया था। जिसकी जानकारी होने पर उसके चाचा ने जब उसे फटकारा तो वह उनसे उलझ गया और तू-तू, मैं-मैं करने लगा। गुस्से में चाचा ने उसे दो चाटा मार दिया। यह बात उसे इतनी नागवार गुजारी कि उसने ईंट से कूचकर चाचा की हत्या कर दी। परिजनों के अनुसार राघवेंद्र बिगडैल था और उसके चाचा ब्रह्मदेव शुक्ल उसे सुधरने के लिए अक्सर डांटते रहते थे, लेकिन उनकी बातों का असर उन पर नहीं होता था।

## कुएं में उतराता मिला युवक का शव

जालौन। जालौन में 20 मार्च से लापता एक युवक का शव गांव के बाहर कुएं में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही गांव के लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिन्होंने पुलिस को अवगत कराया। जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। जिन्होंने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला और उसकी शिनाख्त करते हुये पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही परिजनों ने अपने पुत्र की हत्या की आशंका जताई है। मामला सिरसाकलार थाना क्षेत्र के ग्राम जखा का है। यहां गांव के बाहर एक युवक का शव पानी में उतराता मिला। इसके बारे में तब जानकारी हुई जब किसान कुएं से पानी निकाले पहुंचे। जहां पानी में शव को देख हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना गांव में आग की तरह फैली। मौके पर गांव के लोग आ गए थे और पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही मौके पर सिरसा कलार पुलिस पहुंची। जिन्होंने ग्रामीणों के साथ कड़ी मशक्कत के बाद कुएं से शव को बाहर निकाला था। उसकी शिनाख्त गांव के रहने वाले करन उर्फ पिंटू 24 वर्ष के रूप में की गई। तब पुलिस ने करन के घरवालों को भी वहां बुलाया तो उसके पिता मगन भास्कर ने उसकी शिनाख्त की। बताया कि करन बीती 20 मार्च को खेत गया था और तभी से वह लापता था। पिता ने लड़के के साथ अनहोनी होने की आशंका जताई है। अभी किसी के खिलाफ पुलिस को तहरीर नहीं दी है। करन की मौत से उसकी मां संतोषी व भाई रोहित का बुरा हाल है क्योंकि करन पुणे में काम करता था। होली से पहले अपने घर आया था।

# विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए करें भारी मतदान : जयंत

सहारनपुर/बिजनौर। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने श्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना कर भारत के विकसित राष्ट्र के सपने को पूरा करने के लिये भारी मतदान की अपील की। सैनी और चौधरी ने सोमवार को सहारनपुर और बिजनौर में कैराना, सहारनपुर और बिजनौर लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के तहत चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। कैराना से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी, सहारनपुर से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा और बिजनौर से रालोद प्रत्याशी चंदन चौहान को जिताने की अपील की। दोनों नेताओं ने मतदाताओं से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की पुरजोर अपील की।

उन्होने कहा कि मोदी के 400 पार के नारे के मूर्त रुप ज्यादा से ज्यादा मतदान करके ही साकार हो सकता है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कैराना संसदीय क्षेत्र के तहत सहारनपुर में नकुड़ विधानसभा क्षेत्र के कस्बा नकुड़ में सरसावा रोड़ पर भाजपा उम्मीदवार प्रदीप चौधरी के समर्थन में बड़ी चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उसी वक्त रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी सहारनपुर संसदीय क्षेत्र के देवबंद के चंदेना कौली गांव में भाजपा उम्मीदवार राघव लखनपाल शर्मा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। दोनों नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियां गिनाईं और भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र में जनता से किए गए वायदों की खूबियां बताईं। जयंत चौधरी ने भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र की तारीफ करते हुए कहा कि उसमें भारत रत्न चौधरी चरण सिंह



की विचारों की झलक दिखाई देती है। चौधरी चरण सिंह ने कुटीर उद्योगों और कृषि पर आधारित लघु उद्योगों को प्रोत्साहन देने का काम किया उसी को आगे बढ़ाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नकुड़ और बिजनौर दोनों की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि वह उत्तर प्रदेश की धरती को नमन करते हैं। वाराणसी संसदीय क्षेत्र से नरेंद्र मोदी सांसद चुने जाते हैं। उन्होंने अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण और जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने, 80 करोड़ गरीब लोगों को नि:शुल्क खाद्यान्न वितरित करने, किसानों को सम्मान निधि योजना का लाभ देने, करोड़ों लोगों को पांच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा के आयुष्मान कार्ड बनाने, उज्जवला योजना, शौचालय निर्माण, बेघरों को आवास मुहैया कराना जैसे अनेकों कल्याणकारी कार्य किए हैं। उनके नेतृत्व में भारत का दुनिया में सम्मान और ताकत दोनों बढ़े हैं। मोदी ने भारत को दुनिया की पांचवीं आर्थिक शक्ति बना दिया है और तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर मोदी जी ने भारत को तीसरी आर्थिक शक्ति बनाने की गारंटी दी है।

नकुड़ के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री बिजनौर पहुंचे, जहां उन्होंने जयंत चौधरी के साथ संयुक्त रूप से चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने बिजनौर के प्रबुद्ध मतदाताओं से कहा कि यहां के रालोद उम्मीदवार चंदन चौहान के यहां हमारी हरियाणा की छोरी (बेटी) है। मैं आपसे अपने हरियाणा की बेटी का सम्मान बनाए रखने की अपील करने आया हूं। बिटिया के साथ मेरी भी प्रतिष्ठा का आप ध्यान रखें।

उन्होंने चंदन चौहान को एक योग्य और कर्मठ युवा नेता बनाया और कहा कि चंदन चौहान रालोद उम्मीदवार हैं और भारतीय जनता पार्टी पूरी ताकत के साथ उनके साथ खड़ी है।

रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने सहारनपुर के चंदेना कौली में भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा के समर्थन में आयोजित सभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वे स्वयं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लगातार चुनावी सभाए कर रहे हैं जिसमें उन्हें भारी समर्थन मिल रहा है और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की प्रबुद्ध जनता उन्हें जीत का भरोसा दे रही है। हमारी आप लोगों से अपील यह है कि आप इस बार ज्यादा से ज्यादा मतदान करें, ताकि भाजपा और सहयोगी दलों के उम्मीदवार भारी मतों से जीतकर संसद पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार निर्वाचित करने के लिए अपना मत दें।

### बुलंदशहर में 40 साल पुरानी रंजिश में खूनी संघर्ष

# प्रधान के चाचा-चाची की मौत, पथराव और फायरिंग में 10 से ज्यादा लोग घायल

बुलंदशहर। बुलंदशहर के गुलावठी थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक समुदाय के दो पक्षों में मारपीट हो गई। ग्राम प्रधान के सगे चाचा और चाची की मौत हो गई। गंभीर हालत में तीन लोगों को हायर सेंटर मेडिकल में रेफर किया गया है।

गुलावठी थाना क्षेत्र के गांव महोली में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। 70 वर्षीय इशाक अली और उनकी पत्नी 65 वर्षीय जमीला की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में में हड़कंप मच गया और भारी पुलिस बल



मौके पर पहुंचा। घायलों को गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने बुजुर्ग दंपती को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतकों के शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एक पक्ष ने पीट-पीटकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। वहीं, दूसरे पक्ष ने एक्सीडेंट में दोनों के मौत होने की बात कही है। मृतकों के बेटे ने बताया कि वह किसी कार्य के चलते गांव से बाहर गया हुआ था। वापस लौटते समय विपक्षी लोगों ने रास्ते में रोककर उसके साथ भी मारपीट की। मारपीट में एक दर्जन से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। उधर मामले का संज्ञान लेते हुए एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पीड़ितों के अनुसार 40 साल पुराने मामले को लेकर दोनों पक्षों में रंजिश चल आ रहा था। पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। उधर पुलिस का कहना है कि आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# रामनवमी के मद्देनजर राममंदिर में वीआईपी दर्शन पर रोक

**अयोध्या।** रामनवमी के मद्देनजर अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर में रामलला के वीआईपी दर्शन पर रोक लगा दी गयी है।

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि रामनवमी अर्थात् जन्मोत्सव पर्व पर 17 अप्रैल को रामलला के दर्शन की अवधि में बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार से 18 अप्रैल तक वीआईपी दर्शन पर रोक रहेगी अर्थात रामलला के दर्शन के लिये चार दिनों तक वीआईपी दर्शन की कोई व्यवस्था नहीं रहेगी, जिन लोगों ने 15 से 18 अप्रैल के बीच वीआईपी पास बनवाये हैं उनके पास भी निरस्त मानें जायेंगी। उन्होंने बताया कि मंगल आरती के पश्चात ब्रह्म मुहूर्त में अति प्रात: 0330 बजे से अभिषेक, श्रृंगार एवं दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे। श्रृंगार आरती प्रात पांच बजे होगी।

श्री रामलला का दर्शन एवं सभी पूजा विधि यथावत् साथ-साथ चलती रहेगी। भगवान को भोग लगाने के लिये समय-समय पर अल्पकाल को पर्दा रहेगा। श्रद्धालु पर्दा बंद रहने के समय धैर्य बनाकर रखें एवं श्रीराम नाम संकीर्तन तथा प्रभु का भजन करते रहें। रात्रि 11 बजे तक दर्शन का क्रम पूर्वत- चलता रहेगा। तत्पश्चात भोग एवं शयन आरती होगी। शयन आरती के बाद प्रसाद मंदिर निकास मार्ग पर मिलेगा।

ट्रस्ट के महासचिव ने बताया कि रामलला दर्शन के समय दर्शनार्थी अपना मोबाइल, कपड़ा, जूता, चप्पल आदि जितना दूर सुरक्षित रखकर आयेंगे, दर्शन में उतनी ही अधिक सुविधा होगी।

# झांसी : निजी बस अनियंत्रित होकर पलटी, यात्री घायल

झांसी । उत्तर प्रदेश के झांसी में सीपरी बाजार थानाक्षेत्र में एक निजी डबल डेकर बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से बस में सवार यात्री घायल हो गये।

पुलिस अधीक्षक -सदर (एसपी-सिटी) ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि गुजरात के सूरत से गोण्डा जा रही एक निजी डबल डेकर बस सीपरी बाजार थानाक्षेत्र में रविवार देर रात पलट गयी।

जिस जगह पर दुर्घटना हुई वहां पर तीव्र मोड़ है। मोड़ पर तेज गति बस को चालक संभाल नहीं पाया ,इतना ही नहीं मानक से अधिक सवारियां सवार थीं । उन्होंने बताया कि हालांकि डबल डेकर बस की दुर्घटना हुई है लेकिन सवारियों को मामूली चोटें आयीं हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस पलटते ही चीख पुकार मच गयी । मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को दुर्घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। एसपी सिटी ने बताया कि दुर्घटना में सभी यात्री सुरक्षित हैं । यात्रियों को मामूली चोटें आयीं हैं।

# इटावा में स्वच्छ भारत मिशन योजना में लाखों का फर्जीवाड़ा

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में स्वच्छ भारत मिशन योजना में काम कराने के नाम पर 80 लाख रुपये का फर्जीवाडा कर भुगतान करवाने का प्रयास किया गया। इस मामले में विभागीय अधिकारियों के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है।

जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी लाल ने सोमवार को बताया कि फर्जीबाड़े के सिलसिले में इटावा के सिविल लाइन थाने में संदिग्ध लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है । पुलिस गहनता से पूरे मामले को जांच करने में जुटी हुई है।

उन्होंने बताया कि पीएफएमएस पोर्टल की एडमिन आईडी का दुरुपयोग करके घोटाले का प्रयास किया गया। विभागीय कर्मचारियों पर




मिलीभगत करके फर्जीवाड़े के प्रयास की आशंका जताई जा रही है। पुलिस गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके मामले की गहन पड़ताल में जुट गई है।

लाल ने बताया कि पंचायती राज विभाग के भरथना विकास खंड की ग्राम पंचायत में पकड़े गए फर्जीवाड़े की शिकायत करके खाता संख्या, मोबाइल नंबर और एक अज्ञात विभागीय कर्कचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया है।

पुलिस फर्जीवाड़े करने वालों की तलाश में जुटी हुई है।

डीपीआरओ बनवारी लाल ने बताया है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत पीएफएमएस पोर्टल पर किसी अराजक फर्म द्वारा बाउचर बनाने के लिए एडमिन आईडी मिस्टर अंजिश कुमार नाम के खाता संख्या द्वारा एडमिन आईडी का दुरुपयोग करते हुए विकास खण्ड भरथना की ग्राम पंचायत बिरारी में फर्म फीड की गयी है।

ग्राम पंचायत सचिव की एडमिन आईडी से सचिव अतुल कुमार का नाम हटाकर दीपक कुमार व मोबाइल नम्बर के स्थान पर एक अलग एवं ईमेल आईडी में यादव राम कुमार नाम की फीड की गयी है तथा ग्राम प्रधान साधना सिंह का नाम हटाकर रामकुमार व मोबाइल नम्बर के स्थान पर एक नंबर एवं ई-मेल आईडी फीड की गयी है।

यह प्रक्रिया अराजक फर्म द्वारा इसलिये की गयी है, जिससे कि ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान के मोबाइल नम्बर एवं ईमेल आईडी पर ओटीपी मूल प्रधान व सचिव के फोन नम्बर पर न पहुंचे, इस तरह फर्जी तरीके से आईडी बनायी गयी है। जिससे स्वयं के फोन नम्बर पर ओटीपी आये। सम्बन्धित नौ ग्राम पंचायतों की नई आईडी बनाकर पीएफएमएस पोर्टल पर भुगतान के लिए बाउचर बनाकर अनाधिकृत रूप से पैसा प्राप्त किये जाने का प्रयास किया गया है।

# माफिया अतीक के 2 बेटे भी अब हिस्ट्रीशीटर

### जिस थाने में बाप-चाचा की क्राइम फाइल, वहीं खुली उमर-अली की हिस्ट्रीशीट

प्रयागराज। अतीक अहमद और अशरफ हत्याकांड को 1 साल पूरा हो गया। 15 अप्रैल 2023 को पुलिस हिरासत में 3 हमलावरों ने गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी। इसके ठीक एक साल बाद अतीक के दोनों बेटों उमर और अली की प्रयागराज के खुल्दाबाद थाने में हिस्ट्रीशीट खोली गई।

उमर की हिस्ट्रीशीट को 57-बी नंबर दिया गया। जबकि दूसरे नंबर के बेटे अली अहमद उर्फ अली अतीक की हिस्ट्रीशीट का नंबर 48-बी है। अतीक की हिस्ट्रीशीट का नंबर 39 और अशरफ की 93-बी था।

अतीक अंतरराज्यीय गैंग इ्स-227 का सरगना था। खुल्दाबाद थाने में ही अतीक-अशरफ की हिस्ट्रीशीट थी। इसी थाने ने उमर और अली को भी नंबरी बनाया। माफिया अतीक पर रिकॉर्ड 105 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। जबकि उमर पर 3 और अली पर 11 मुकदमे दर्ज हैं।

### अली को ही अत्तराधिकारी बनाना चाहता था अतीक

अतीक अहमद दूसरे नंबर के बेटे अली को ही अपना उत्तराधिकारी बनाने की चाह रखता था। अतीक अक्सर ऐसा अपनी बातों, बयानों में कहता रहा था। अतीक के एक बेटे असद की पुलिस एनकाउंटर में मौत हो चुकी है। जबकि 4 बेटों में अली को ही सबसे शातिर कहा जाता है। सबसे ज्यादा मुकदमे भी उसी पर दर्ज हैं।





करेली, खुल्दाबाद, धूमनगंज समेत अन्य थानों में अली पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज हैं। नैनी सेंट्रल जेल में रहते हुए अली पर धमकाने, रंगदारी मांगे आदि के केस दर्ज हुए हैं।

### अब तक 1800 करोड़ की संपतियों पर कार्रवाई

उमेश पाल हत्याकांड के बाद पुलिस ने माफिया अतीक और उसके सिंडिकेट को ही खत्म करने का अभियान चलाया। प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस ने अब तक अतीक, अशरफ उसके परिवार वाले और इ्स-227 गैंग मेंबरों की करीब 1800 करोड़ की नामी-बेनामी संपत्तियों का पता लगाकर कुर्की की कार्रवाई की। गैंग से जुड़े 200 से अधिक बदमाश जेल भेजे गए।

यूपी के कई शहरों के अलावा दिल्ली, नोएडा की संपत्ति कुर्क की गई। टीमों ने दूसरे शहरों, राज्यों में अतीक से जुड़ी संपत्तियों, बड़े कारोबारियों के बिजनेस में लगाए गए करोड़ों रुपए का पता लगाना शुरू किया। हत्याकांड से पहले सरकार ने ऑपरेशन माफिया के तहत अतीक गैंग की अवैध रूप से अर्जित संपत्तियां कुर्क कीं।

### 4000 करोड़ की संपत्ति, ज्यादातर गैरों के नाम

माफिया अतीक-अशरफ, उनके परिवार वालों और गैंग मेंबरों की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ी पुलिस भी दांतों तले उंगलियां दबाने लगी है। अतीक-अशरफ की मौत के बाद मिले दस्तावेजों का आकलन कर टीमें 4000 करोड़ के आसपास की संपत्तियों का लेखा-जोखा तैयार कर रही हैं।

कुछ नामी संपत्तियां तो अतीक परिवार के नाम हैं। उस पर उनके लोग काबिज हैं, लेकिन ज्यादातर संपत्तियां दूसरों के नाम हैं। उन पर कब्जा, पहचान, हिसाब सब दूसरों के पास है। पूछताछ, छापेमारी के साथ घर, कार्यालय, रिश्तेदारों के यहां से मिले संपत्तियों के दस्तावेज यही बताते हैं कि माफिया के आर्थिक साम्राज्य की कहानी 4000 करोड़ से ऊपर की है।

करोड़ों की इन संपत्तियों में कुछ संपत्ति तो अतीक की पत्नी, बेटों, अशरफ और उसके परिवार वालों के नाम हैं, लेकिन 75 प्रतिशत संपत्तियों पर दूसरों का कब्जा है।

## फिरोजाबाद में हिस्ट्रीशीटर भाइयों की 4.41 करोड़ की संपत्ति कुर्क

फिरोजाबाद। लोकसभा चुनाव से पहले फिरोजाबाद पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। थाना उत्तर पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट के तहत हिस्ट्रीशीटर 3 सगे भाइयों की 4 .41 करोड़ से ज्यादा की चल और अचल संपत्ति को कुर्क किया। इस कार्रवाई से आरोपियों में हड़कंप मचा हुआ है। एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि आदतन अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत सोमवार को शातिर गैंग लीडर हिस्ट्रीशीटर सुखबीर पर जनपद के विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक संगीन अपराधों के अभियोग पंजीकृत हैं। गैंगलीडर हिस्ट्रीशीटर सुखबीर अपने दो सगे हिस्ट्रीशीटर भाइयों रामवीर और रिंकू के संग मिलकर अपराध की घटनाओं को अंजाम देता है। चुनाव को लेकर की जा रही पुलिस कार्रवाई के दौरान सोमवार को थाना उत्तर पुलिस टीम और तहसीलदार के साथ पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने तीन भाइयों की 4 करोड़ 41 लाख 86 हजार 981.66 रुपए की संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई पूरी की है। एसपी सिटी ने बताया कि गैंग लीडर सुखवीर पर फिरोजाबाद के विभिन्न थानों में 14 मुकदमे पंजीकृत हैं। उसके भाई रामवीर पर 5 और उसके तीसरे भाई रिंकू सिंह पर चार मुकदमे दर्ज हैं।

# खंडहर में चल रही थी तमंचे की फैक्ट्री

### आगरा पुलिस ने छापा मारकर तीन को पकड़ा




आगरा। आगरा में पुलिस ने अवैध तमंचे बनाने वाली फैक्ट्री को बंद कराया। तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उनके पास से तमंचे, 315 बोर, जिंदा कारतूस, ड्रिल मशीन ,सहित लोहे की नाल मिली हैं। पकड़े गए अभियुक्त घुमंतू जाति के हैं। यह आगरा के अलावा आसपास के जिलों में भी तमंचे सप्लाई करते थे। एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि पथौली क्षेत्र में बिचपुरी रोड पर रिद्दी एंक्लेव के पास एक खंडहर में अवैध तमंचे बनाने वाले फैक्ट्री चल रही है। पुलिस ने छापा मारा। खंडहर से तीन अभियुक्तों को तमंचे, आधे बने तमंचे और तमंचे बनाने के इक्विपमेंट के साथ गिरफ्तार किया। आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि यह घुमंतू जाति के हैं। कहीं भी तंबू गाड़कर घर बनाकर रहने लगते थे। लोहे का सामान बनाने का काम करते हैं। इसलिए सारे इक्वीपमेंट हैं। इन्हीं से तंबू में ही तमंचे बनाते थे। जिससे पुलिस को भी शक ना हो।

### मध्य प्रदेश के हैं रहने वाले

गिरफ्तार किए गए तीनों अभियुक्त मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं। इनमें महेंद्र सिंह, आजाद सिंह और प्रेम सिंह शामिल हैं। तमंचे बेचकर ही यह अपने परिवार का खर्चा उठाते हैं। अब तक सैकड़ों तमंचे बेच चुके हैं। एक तमंचा बनाने में लागत 1500 रुपए आती थी, जिसे यह चार से पांच हजार रुपए में बेच देते थे।

### आसपास के जिलों में थे ग्राहक

आगरा के अलावा इनके आसपास के जिलों में भी ग्राहक थे। यह राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा तक में तमंचे बेचते थे। एडिशनल सीपी का कहना था कि जिन्होंने इनसे तमंचे खरीदे हैं। उन्हें भी चिह्नित कर कार्यवाही की जाएगी।

## शार्ट न्यूज

### अंबुजा सीमेंट्स 414 करोड़ रुपये में करेगी माई होम ग्रुप की ग्राइंडिंग कारोबार का अधिग्रहण

नयी दिल्ली। अदाणी समूह के नियंत्रण वाली अंबुजा सीमेंट्स ने तूतीकोरिन में माई होम ग्रुप की 15 लाख टन वार्षिक सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई को 413.75 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने का करार किया है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि तूतीकोरिन बंदरगाह के पास स्थित यह इकाई तमिलनाडु और केरल के दक्षिणी बाजारों में अंबुजा की उपस्थिति को बढ़ाएगी। यह संयंत्र कच्चे माल की सोर्सिंग के लिए दीर्घकालिक फ्लाई ऐश आपूर्ति समझौते के साथ 61 एकड़ भूमि में फैला हुआ है। कंपनी आतंरिक संसाधनों से यह अधिग्रहण करेगी। इससे समूह की कुल सीमेंट क्षमता 7.89 करोड़ टन वार्षिक हो जाएगी। समूह के सीमेंट कारोबार के सीईओ अजय कपूर ने कहा हमें इस अधिग्रहण की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो इस क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है और अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। बुनियादी ढांचे और भौगोलिक लाभों के अलावा, अंबुजा सीमेंट्स को मौजूदा डीलर भी विरासत में मिलेगा। नेटवर्क और वर्तमान कर्मचारियों को बनाए रखना, एक सुचारु परिवर्तन की सुविधा प्रदान करना और उपयोग में तेजी से वृद्धि को सक्षम करना।

### बायजूस प्रबंधन में रणनीतिक बदलाव

नयी दिल्ली। बायजूस ने अपने परिचालन को कारगर बनाने और कंपनी को लंबे समय तक सफलता दिलाने के लिये आज एक बड़े संरचनात्मक बदलाव की घोषणा की जिसमें बायजूस इंडिया के सीईओ अर्जुन मोहन अब बाहरी सलाहकार की भूमिका में होंगे जबकि संस्थापक बायजू रवीन्द्रन दैनिक गतिविधियों पर अब नजर रखेंगे। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इस रणनीतिक बदलाव के तहत बायजूस अपने व्यवसायों को तीन विशेष व्यवसाय इकाइयों में समेट रही है जिसमें द लर्निंग ऐप, ऑनलाइन क्लासेस एवं ट्यूशन सेंटर और टेस्ट-प्रेप शामिल है। नई संरचना में हर प्रभाग बायजूस के ब्राण्ड और परितंत्र की शक्ति का फायदा उठाते हुए बाजार के अवसरों का लाभ लेने के लिये बेहतर तरीके से सुसज्जित भी होगा। हर प्रभाग के नेतृत्वकर्ता अलग-अलग होंगे और वे फायदा सुनिश्चित करने के लिये निजी तौर पर व्यवसायों को स्थायी तरीके से संचालित करेंगे। यह बदलाव सात महीने तक चली परिचालन की विस्तृत समीक्षा के बाद हुए हैं। इसके लिये खर्च को कम करने की कवायद भी हुई थी और दोनों प्रक्रियाओं का नेतृत्व बायजूस इंडिया के सीईओ अर्जुन मोहन ने किया था। श्री मोहन अब बाहरी सलाहकार की भूमिका में होंगे। वह कंपनी और उसके संस्थापकों को एडटेक में विशेषज्ञता प्रदान करेंगे। संस्थापक एवं ग्रुप सीईओ बायजू रवीन्द्रन ने कहा, संरचना में यह बदलाव बायजूस 3.0 की शुरूआत कर रहा है।

### टाटा प्रोजेक्ट्स ने डीएफपीसीएल के नाइट्रिक एसिड परियोजना का किया अधिग्रहण

मुंबई। तेल, गैस और हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में कारोबार करने वाली टाटा समूह की कंपनी टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (टीपीएल) ने दीपक फर्टिलाइजर्स एंड पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएफपीसीएल) की नाइट्रिक एसिड विस्तार परियोजना का अधिग्रहण करने की आज घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि गुजरात में डीएफपीसीएल के दहेज संयंत्र में स्थित नाइट्रिक एसिड विस्तार परियोजना में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण प्रबंधन (ईपीसीएम) सेवाओं के प्रावधान के साथ-साथ ऑफ साइट्स और यूटिलिटीज के लिए फ्रंट एंड इंजीनियरिंग डिजाइन (एफईईडी) शामिल है। टीपीएल के ऊर्जा एवं औद्योगिक कारोबार के अध्यक्ष एवं सीईओ राजीव मेनन ने कहा, टाटा प्रोजेक्ट्स की यात्रा हाल के वर्षों में काफी उल्लेखनीय रही है जिसमें ऑनशोर टर्मिनल में उपस्थिति से लेकर कोर प्रोसेस रिफाइनरी इकाइयों में प्रवेश करने तक शामिल है। डीपीएफसीएल का अधिग्रहण एक विविध और प्रौद्योगिकी संचालित ईपीसी कंपनी बनने के हमारे संकल्प को और मजबूत करता है। नाइट्रिक एसिड कॉम्प्लेक्स परियोजना विभिन्न अनुबंध मॉडलों में शामिल होने की हमारी क्षमता को प्रदर्शित करती है और ग्राहक प्रथम दृष्टिकोण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। डीएफपीसीएल के अध्यक्ष (परियोजनाएं) अरुण विजय ने कहा कि टीपीएल के साथ साझेदारी विशेष रसायन क्षेत्र में डीएफपीसीएल की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह नाइट्रिक एसिड संयंत्र न्यूनतम एनओएक्स उत्सर्जन के साथ ऊर्जा दक्षता और पर्यावरणीय स्थिरता को प्राथमिकता देते हुए पूंजी और परिचालन व्यय दोनों को अनुकूलित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

### थोक मुद्रा स्फीति बढ़कर 0.53 प्रतिशत हुयी



नयी दिल्ली। थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रा स्फीति मार्च में बढ़ कर 0.53 प्रतिशत हो गयी, जो तीन महीने का इसका उच्चतम स्तर है। फरवरी में थोक मुद्रास्फीति 0.20 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी वाणिज्य मंत्रालय के मासिक आंकड़ों के मुताबिक मार्च में प्याज आलू और अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी के कारण थोक मुद्रा स्फीति का दबाव बढ़ा। मार्च में खाद्य वस्तुओं की थोक मुद्रा स्फीति 4.65 प्रतिशत रही। मार्च में प्राथमिक खाद्य वस्तुओं के अलावा औषधियों, वनस्पति से बने उत्पादों, लकड़ी और लकड़ी से बने सामान तथा चार्म उद्योग के उत्पादों और कुछ अन्य विनिर्मित वस्तुओं की थोक कीमतों में वृद्धि दर्ज की गयी। मार्च में प्याज के दाम पिछले साल से करीब 57 प्रतिशत और आलू के भाव 53 प्रतिशत ऊपर चल रहे थे जबकि पिछले साल मार्च में प्याज की थोक कीमतें 37 प्रतिशत कम हुयी थी और आलू थोक बाजार में सालाना आधार पर 25.59 प्रतिशत नीचे बिक रहा था। मार्च में प्राथमिक वस्तुओं की थोक मुद्रास्फीति 4.51 प्रतिशत रही। ईंधन और बिजली वर्ग तथा विनिर्मित उत्पादों में थोक भाव पिछले साल से क्रमशः 0.77 प्रतिशत और 0.85 प्रतिशत कम रहे।

# अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था की गारंटी संकल्प पत्र का आधार : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी संकल्प पत्र का आधार हैं।

भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि ये संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है, जिसमें हमने विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की भी उद्घोषणा की है। उन्होंने यूपी में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नया नारा देते हुए कहा 80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से अपना संकल्प पत्र जारी किया है। इसकी पहली चार प्रतियां देश के चार सामाजिक स्तंभों का प्रतिनिधित्व करने वाली हैं। ये हैं गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (ग्यान)।

उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल मात्र नहीं है, बल्कि यह भारत के विजन को मिशन मानकर प्रभावी ढंग से लागू करने के 140 करोड़ जनता की आकांक्षा बन चुकी है। आज देश का जो भी एंबीशन है वह पीएम मोदी का विजन बन चुका है और हमारे लिए वही मिशन है। इस देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास है।

योगी ने कहा कि संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है।

उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकासित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध का की उद्घोषणा के साथ ही अन्त्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। ये संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं। ये पहला आम चुनाव है जिसके प्रमाण के बारे में आश्वस्ती का भाव पूरे देश में मिल रहा है। लोगों को मोदी जी की गारंटी पर विश्वास है। विकसित भारत की आकांक्षाओं का आधार ये संकल्प पत्र बनेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि संकल्प पत्र में समान नागरिक संहिता लागू करने, नेशनल लिटिगेशन पॉलिसी को लागू करने, कॉमर्शियल और सिविल न्यायिक प्रणालियों में बदलाव, वन नेशन वन इलेक्शन, पीएम सूर्य हर घर मुफ्त बिजली योजना, घरों के पंजीकरण की कीमत को कम करने, तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने, पीएम मुद्रा योजना की क्रैकिंग सीमा को दोगुना करने, एमएसपी में वृद्धि और पीएम मत्स्य योजना के विस्तार के लिए पार्टी के संकल्प को दोहराया गया है। इसके साथ ही सिंचाई, कोल्ड स्टोरेज और कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर के मिशन को देश में लागू करने, स्वस्थ भारत के संकल्प के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों और ट्रांसजेंडर्स को आयुष्मान भारत से जोड़ने, पैरामेडिक्स के प्रशिक्षण, हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, एमएसएमई के लिए किफायती बीमा प्रोडक्ट, आग, चोरी, प्राकृतिक आपदा से बचाने के लिए बीमा, भारत को ट्वाय हब बनाने, 2025 में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने, 2030 तक देश को इलेक्ट्रॉनिक हब बनाने, बुटेल ट्रेन का विस्तार पूरे देश में करने, 5जी के विस्तार के साथ ही 6जी टेक्नोलॉजी विकसित करने का संकल्प भी यहां दोहराया। इसके अलावा ग्लोबल कॉन्फ्रेंस और एग्जिबिशन के लिए बड़े कन्वेंशन सेंटर के दायरे को बढ़ाने, पुलिस मॉर्डनाइजेशन, टेक सेवी सुरक्षा बल, नये आईआईटी, नये एम्स, वन नेशन वन स्टूडेंट, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, टेक्नोलॉजी के जरिए सुलभ शिक्षा के प्रति मुख्यमंत्री ने वचनबद्धता को दोहराया। उन्होंने बताया कि 2036 में ओलंपिक की मेजबानी, नये स्टेडियम बनाने, अत्याधुनिक खेल प्रशिक्षण केंद्र, खेल उपकरणों के मैन्यूफैक्चरिंग, खेल स्टार्टअप को बढ़ावा, साइंस टेक्नोलॉजी के लिए साइंस पार्क, नदियों का संरक्षण और कायाकल्प, नमामी गंगे के दायरे को बढ़ाने, दुनिया में रामायण महोत्सव के आयोजन के संकल्प को भी हमारा संकल्प पत्र दोहराता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश को फार्मा हब बनाने, एकीकृत सैन्य कमांड सेंटर, साइबर सुरक्षा के लिए पूरी मजबूती के साथ हमारी प्रतिबद्धता को भी यह संकल्प पत्र दोहराता है।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने लॉन्च किया एनर्जी मैनेजर एसी

नयी दिल्ली, 15 अप्रैल (वार्ता) कंज्यूमर ड्यूरेबल्स कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने वर्ष 2024 में मात्र 100 दिनों में 10 लाख से अधिक एयरकंडीशनर बेचने का रिकॉर्ड बनाते हुये 80 प्रतिशत तक एनर्जी बचत करने वाले नये एसी लाँच करने की आज घोषणा की।




कंपनी के प्रबंध निदेशक होंग जू जियोन ने कहा 2024 में हमारा पूरा ध्यान सभी प्रोडक्ट कैटेगरी में अपनी मार्केट लीडरशिप की स्थिति को और मजबूत बनाने पर है। एलजी एयर कंडीशनरों की नई रेंज के साथ हम ग्राहकों को सबसे अधिक एनर्जी एफिशिएंट कूलिंग सॉल्यूशन प्रदान कर रहे हैं। इसी के साथ हम आगे भी विभिन्न कैटेगरी में प्रोडक्ट इनोवेशन को पेश करना जारी रखेंगे। हम ग्राहकों की लाइफस्टाइल को अच्छी तरह से समझते हैं, इसी के आधार पर हम आगे भी बेहतरीन इनोवेशन करना जारी रखेंगे और इसी के साथ बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करना जारी रखेंगे।

कंपनी के होम अप्लायंसेस एवं एयर कंडीशनर के निदेशक यंगमिन ह्वांग ने इसे पेश करते हुये कहा ग्राहकों की मांग पर आधारित अपने नए प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ हम भारतीय बाजार में अपनी लीडरशिप स्थिति को और मजबूत करने जा रहे हैं। इस साल हम जो प्रोडक्ट रेंज पेश कर रहे हैं वह पहले से अधिक एनर्जी एफिशिएंट है, साथ ही खूबसूरती के मामले में भी बेमिसाल है। हमारे ये नए प्रोडक्ट ग्राहकों को सुकून देंगे और साथ ही घर को खूबसूरत बनाएंगे। अपने बेहतरीन पर्फोर्मेंस के साथ हमारे प्रोडक्ट घर पर ग्राहकों की जिंदगी बेहतर बनाने में मदद करेंगे।

उन्होंने कहा कि कंपनी ने 100 दिनों में 10 लाख से अधिक एसी बेचने के बीच अपनी फ्लैगशिप फीचर रेंज को पेश कर दिया है। कंपनी की इस नई रेंज में एनर्जी मैनेजर और आर्टकूल एयर कंडीशनर शामिल हैं। कंपनी ने 2024 में रिकॉर्ड समय के भीतर 10 लाख एसी का ऑर्डर हासिल कर यह माइलस्टोन हासिल किया है। एलजी ने अपनी इस सफलता का श्रेय 2024 में कंपनी की प्रोडक्ट रेंज को लेकर किए गए नये इनोवेशन को दिया है। कंपनी की नयी रेंज में 77 नए मॉडल शामिल हैं। कंपनी के ये नए प्रोडक्ट भारतीय बाजार में एनर्जी एफिशिएंसी, स्टाइल और पर्फोर्मेंस के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करते हैं।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय चितकारा ने कहा, हमने पहली तिमाही में रिकॉर्ड सेल्स दर्ज की है। कंपनी की यह जबर्दस्त सेल्स एलजी की उत्कृष्टता और इनोवेशन की दिशा में लगातार प्रयास का एक बेहतरीन प्रमाण है। हमारा 2024 का लेटेस्ट लाइनअप, जिसमें एनर्जी मैनेजर और आर्टकूल डिज़ाइनर रेंज शामिल है, ये प्रोडक्ट ग्राहकों को बेमिसाल आराम देंगे, साथ ही ये प्रोडक्ट स्टाइल और पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाते हैं। एलजी में, हम तकनीक की मदद से अपने ग्राहकों की जिंदगी को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हम एयर कंडीशनिंग उद्योग में संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा कि एनर्जी मैनेजर और आर्ट कूल ब्लैक मिरर फ़िनिश रेंज के अलावा, एलजी ने अपने लाइनअप में कई नए फीचर्स पेश किए हैं। इन सभी नए फीचर्स को एयर कंडीशनिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि एलजी एयर कंडीशनर का 2024 लाइनअप 67,990 रुपये से लेकर 99,990 रुपये की कीमत के बीच उपलब्ध है।

# ईएसजी पर एनएसई और पहल इंडिया फाउंडेशन की पुस्तिका

मुंबई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने पहल इंडिया फाउंडेशन (पीआईएफ) के सहयोग से पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) पर केंद्रित सेमिनारों की श्रृंखला से मिले निष्कर्षों और चर्चाओं का सारांश देते हुए एक विशेष सार-संग्रह को पुस्तिका के रूप में पेश किया है। एनएसई ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह पहल एनएसई और पीआईएफ के बीच सहयोग के साथ पूरी की गई। इसने हितधारकों, बाजार प्रतिभागियों, नीति निर्माताओं और क्षेत्र के विशेषज्ञों के विविध समूह को एक मंच पर लाने और पॉलिसी तैयार नीति से जुड़े प्रासंगिक सुझाव देने के उद्देश्य से ईएसजी मुद्दों को सबसे आगे रखते हुए विचारोत्तेजक चर्चाएं करवाईं। प्रत्येक सेमिनार को ईएसजी के विशिष्ट पहलुओं जैसे कि ग्रीन बॉन्ड और कार्बन ट्रेडिंग, स्टीवर्डशिप कोड, एनबीएफसी और पीएसयू गवर्नेंस और सोशल स्टॉक एक्सचेंज जैसे मुद्दों के लिए डिजाइन किया गया था। इन आकर्षक और व्यावहारिक चर्चाओं के बाद, प्रत्येक सेमिनार के दौरान सामने आए प्रमुख बिंदुओं और सिफारिशों का सारांश देते हुए एक पॉलिसी सार—संग्रह जारी किया गया।

एनएसई और पीआईएफ द्वारा जारी सार-संग्रह उन नीतिगत बिंदुओं को संकलित करता है, जो वर्तमान ईएसजी परिदृश्य में नीतिगत अनिवार्यताओं का अवलोकन करते हुए एक सतत और न्यायसंगत भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण पेश करते हैं।

एनएसई के प्रबंध निदेशक (एमडी) और सीईओ आशीषकुमार चौहान ने आज के बाजार परिवेश में ईएसजी विचारों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह सार-संग्रह केवल चर्चाओं का प्रतिबिंब नहीं है; यह हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के मूल में स्थिरता का समावेश करवाने का एक रोडमैप है।

# टीसीएस ने ब्राजील में खोला नया डिलीवरी सेंटर

मुंबई। आईटी सेवा, परामर्श और व्यावसायिक समाधान क्षेत्र की अग्रणी वैश्विक कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने ब्राजील में एक नया डिलीवरी केंद्र खोलने की सोमवार को घोषणा की।

कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह केंद्र ब्राजील के दक्षिणी प्रांत पराना के लोंड्रिना शहर में है। इस नए केंद्र में पांच वर्षों में 1,600 से अधिक नए लोगों को रोजगार मिलेगा और इससे कंपनी की ब्राजील में उपस्थिति मजबूत होने के साथ साथ वहां की अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा और क्षेत्र में टीसीएस की उपस्थिति को मजबूत करेगा। टीसीएस ब्राजील में एक दशक से काम कर रही है और बैंकिंग, बीमा, खनन, खुदरा और दूरसंचार जैसे उद्योगों में क्षेत्र में 140 से अधिक कंपनी ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है। कंपनी वहां 2018 से लोंड्रिना में मौजूद है और टीसीएस शहर में लगभग 1,700 लोग कंपनी के लिए काम करते हैं। नया केंद्रीकृत परिसर शहर में पहले से कार्य कर रहे कंपनी के लोगों के लिए एक केंद्रीयकृत परिसर होगा।

कंपनी ने कहा है, 'डिलीवरी सेंटर बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कॉग्निटिव बिजनेस ऑपरेशंस जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करेगा, जो ब्राजील और दुनिया भर में ग्राहकों को आईटी सेवाओं का एक व्यापक सूट पेश करेगा।

पराना राज्य के गवर्नर कार्लोस मस्सा रतिन्हो जूनियर ने हाल में मुंबई में टीसीएस के कार्यालय की यात्रा के दौरान कहा, टीसीएस की यह घोषणा हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें हमारे विकास के लिए एक रणनीतिक क्षेत्र शामिल है। टीसीएस ब्राजील के कंट्री हेड, ब्रूनो रोचा ने कहा, लोंड्रिना में नया डिलीवरी सेंटर ब्राज़ील के प्रति हमारी चल रही प्रतिबद्धता और स्थानीय प्रतिभा में हमारे विश्वास का प्रमाण है। हम साइबर सुरक्षा, क्लाउड, सीबीओ, आईटीआईएस, एआई और ऑटोमेशन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोगियों की संख्या को दोगुना करना चाहते हैं, जो प्रौद्योगिकी सेवाओं में नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है।

# वैश्विक हालात से निर्यात-आयात प्रभावित, अप्रैल में व्यापार घाटा 15.60 अरब डालर

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजार में अनिश्चिततायें बढ़ने के बीच भारत से वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात और आयात मार्च 2024 में हल्की गिरावट के साथ क्रमशः 41.68 अरब डालर और 57.28 अरब डालर रहा। अप्रैल,24 में व्यापार घाटा (निर्यात-आयात का अंतर) वार्षिक आधार पर सीमित हो कर 15.60 अरब डालर रहा।

पिछले साल मार्च में 41.96 अरब डालर के वाणिज्यक वस्तुओं के निर्यात और 60.92 अरब डालर के साथ व्यापार घाटा 18.96 अरब डालर के बराबर था।

मार्च,24 में गैर पेट्रोलियम एवं गैर रत्न आभूषण निर्यात 33.67 अरब डालर और आयात 35.21 अरब डालर रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023-24 में व्यापार घाटा 240.2 अरब डालर रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 265 अरब डालर था।

वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) की अवधि में वाणिज्यक वस्तुओं का निर्यात 437.06 अरब डॉलर रहा, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान वाणिज्यिक निर्यात 451.07 अरब डॉलर था। इसी तरह 2023-24 में वाणिज्यिक आयात 677.24 अरब डॉलर रहा जबकि 2022-23 में आयात यह 715.97 अरब डॉलर था।

वर्ष 2023-24 में गैर पेट्रोलियम एवं गैर रत्नाभूषण निर्यात 320.21 अरब डालर तथा आयात 422.80 अरब डालर के बराबर रहा। वर्ष 2022-23 में ये आंकड़े क्रमशः 315.64 अरब डालर और 435.54 अरब डालर थे।

मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि लगातार वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, अनुमानित सम्पूर्ण निर्यात (माल और सेवाओं को मिला कर) पिछले साल के उच्चतम रिकॉर्ड को पार गया है। विज्ञप्ति के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 के 776.40 अरब डॉलर के सम्पूर्ण वस्तु एवं सेवा निर्यात की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में सम्पूर्ण निर्यात अनुमानित 776.68 अरब डॉलर है। वर्ष 2023-24 में वस्तुओं और सेवाओं को मिला कर सम्पूर्ण आयात 854.80 अरब डालर के बराबर रहा, जो इससे पिछले वर्ष 898.02 अरब डालर के बराबर था।

मार्च में सम्पूर्ण निर्यात 70.31 अरब डालर और आयात 73.12 अरब डालर के बराबर रहा। इस तरह मार्च, 24 माह का सम्पूर्ण व्यापार घाटा सीमित हो कर 2.91 अरब डालर के बराबर रहा जो कि पिछले वर्ष मार्च में 5.48 अरब डालर के बराबर था।

वित्त वर्ष 2023-24 में वस्तु और सेवाओं-दोनों के व्यापार को मिला कर सम्पूर्ण व्यापार घाटा सीमित हो कर 78.12 अरब डालर रहा जबकि वर्ष 2022-23 में सम्पूर्ण व्यापार घाटा 121.62 अरब डालर था।

मंत्रालय के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक सामान का निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 के 23.55 अरब डालर की तुलना में 23.64 प्रतिशत बढ़कर 2023-24 में 29.12 अरब डॉलर हो गया।

दवाओं और फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात सालना आधार पर 9.67 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 27.85 अरब डॉलर रहा। इसी तरह इंजीनियरिंग सामान के निर्यात में चुनौतियों के बावजूद 2023-24 में कुल 2.13 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 109.32 अरब डॉलर हो गया।

कृषि वस्तुओं में तम्बाकू का निर्यात 19.46 प्रतिशत ऊंचा रहा। फल और सब्जियाँ (13.86 फीसदी), मांस, डेयरी और पोल्ट्री उत्पाद (12.34 फीसदी), मसाले (12.30 फीसदी), अनाज तैयारियाँ और विविध प्रसंस्कृत वस्तुएँ (8.96 फीसदी), तिलहन (वित्त वर्ष 2023-24 में 7.43फीसदी) और ऑयल मील्स (7.01फीसदी) के निर्यात में भी 2023-24 में वृद्धि दर्ज की गयी।

इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी इंडिया) के चेयरमैन अरुण कुमार गरोडिया ने कहा कि कुछ प्रमुख वैश्विक बाजारों में मंदी, भू-राजनीतिक तनाव, लाल सागर संकट और उच्च माल ढुलाई दरों के बावजूद वित्त वर्ष 2024 में इंजीनियरिंग सामान का निर्यात पिछले वर्ष की संख्या को पार कर गया।

# ईरान-इजराइल संघर्ष से डरा बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी धड़ाम

मुंबई। इजराइल पर ईरान के जवाबी हमले से क्षेत्रीय स्तर पर तनाव और गहराने से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 845.12 अंक अर्थात 1.14 प्रतिशत का गोता लगाकर करीब तीन सप्ताह के निचले स्तर 73,399.78 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 246.90 यानी 1.1 प्रतिशत की गिरावट लेकर 22,272.50 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 1.50 अंक टूटकर 40,293.72 अंक और स्मॉलकैप 1.54 प्रतिशत कमजोर होकर 45,166.87 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4049 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2991 में गिरावट जबकि 913 में तेजी रही वहीं 145 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 44 कंपनियां लुढ़क गई जबकि शेष छह में बढ़त रही। विश्लेषकों के अनुसार, भू-राजनीतिक तनाव और अपेक्षा से अधिक अमेरिकी मुद्रास्फीति ने निवेशकों की भावनाओं को प्रभावित किया और सूचकांकों को निचले स्तर पर ले आया। उनके समृद्ध मूल्यांकन और समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में कंपनियों की आय वृद्धि में नरमी की आशंका के कारण प्रमुख नुकसान मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों को हुआ। दूसरी ओर, यूरोपीय बाजार सकारात्मक रुख के साथ खुला जबकि तेल की कीमतें कम हुईं क्योंकि बाजार को उम्मीद थी कि राजनयिक प्रयासों से इजराइल और ईरान में जारी तनाव कम हो जाएगा।

इससे बीएसई में ऊर्जा और तेल एवं गैस समूह की 0.40 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर शेष 18 समूहों में भारी बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 1.23, सीडी 1.24, एफएमसीजी 1.04, वित्तीय सेवाएं 1.81, हेल्थकेयर 1.07, इंडस्ट्रियल्स 1.41, आईटी 1.58, दूरसंचार 0.61, यूटिलिटीज 1.37, ऑटो 0.89, बैंकिंग 1.55, कैपिटल गुड्स 1.49, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.08, पावर 1.44, रियल्टी 1.12, टेक 1.19 और सर्विसेज समूह के शेयर 2.12 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.40, जापान का निक्केई 0.74, हांगकांग का हैंगसेंग 0.72 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.42 प्रतिशत टूट गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.85 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.26 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 930 अंक की भारी गिरावट के साथ 73,315.16 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 74 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे ही रहा। कारोबार के दौरान लिवाली होने से दोपहर से पहले यह 73,905.80 अंक के उच्चतम जबकि बिकवाली के दबाव में कारोबार के अंतिम चरण में 73,315.16 अंक निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 74,244.90 अंक के मुकाबले 1.14 प्रतिशत लुढ़ककर 73,399.78 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 180 अंक टूटकर 22,339.05 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,427.45 अंक के उच्चतम जबकि 22,259.55 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,519.40 अंक की तुलना में 1.10 प्रतिशत कमजोर होकर 22,272.50 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की जिन प्रमुख कंपनियों के शेयरों ने नुकसान उठाया उनमें विप्रो 2.70, आईसीआईसीआई बैंक 2.37, एलटी 1.96, रिलायंस 0.17, पावरग्रिड 0.16 और एनटीपीसी 0.08 प्रतिशत शामिल है।

# चुनौतियों के बीच कुल निर्यात बढ़ना अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत : फियो

नयी दिल्ली। भारत में निर्यात संघो के शीर्ष निकाय फियो ने सोमवार को कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भार के वस्तु एवं सेवा निर्यात में 2023-24 के दौरान कुल मिला कर जो वृद्धि दिखी है वह देश की अर्थव्यवस्था की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति दर्शाती है।

पर फियो ने निर्यात कारोबार की मजबूती बनाए रखने के लिए पश्चिम एशिया के तनाव के बीच समुद्री खेप की बीमा सुविधा और जहाजों के किराए में वृद्ध को तर्कसंगत रखने की जरूतर पर बल दिया है।

फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने निर्यात के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि ये आंकड़े न केवल हमारी पूरी अर्थव्यवस्था के लचीले, मजबूत को बल्कि देश के निर्यात क्षेत्र की दृढ़ प्रतिबद्धता को भी दर्शाता दर्शाते हैं।

वाणिज्य मंत्रालय द्वारा आज जारी मार्च 2024 के निर्यात आयात के आंकड़ों के अनुसार भारत ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में कुल मिला कर 776.68 अरब डालर की वस्तुओं एवं सेवाओं का समग्र निर्यात किया। वित्त वर्ष 2023-24 के मार्च 2024 में वाणिज्य वस्तुओं का निर्यात 41.68 अरब डालर रहा जो आलोच्य वित्त वर्ष का सबसे अच्छा मासिक आंकड़ा है। मार्च,24 में आयात 57.28 अरब डालर के बराबर और व्यापार घाटा 15.6 अरब डॉलर रहा।

कुमार ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव, विशेष रूप से रूस यूक्रेन युद्ध, लाल सागर संकट, विकसित दुनिया के सख्त मौद्रिक रुख और जिंसों की गिरती कीमतों के बावजूद समग्र निर्यात वृद्धि में इतनी प्रभावशाली वृद्धि, इस क्षेत्र के पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि निर्यात क्षेत्र कोविड के बाद लगातार ऐसी बाधाओं का सामना कर रहा है।

# 'जानें नवदुर्गा और आयुर्वेदा का गहरा सम्बन्ध' : डॉ चंचल शर्मा

हिन्दुओं की आस्था और विश्वास का एक पवित्र पर्व के रूप में जाना जाने वाला यह त्यौहार पुराने समय से आयुर्वेदा के साथ एक घनिष्ठ सम्बन्ध बनाये हुए है। आशा आयुर्वेदा की डायरेक्टर और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चंचल शर्मा ने माँ दुर्गा की नौ मूर्तियों के साथ आयुर्वेदा के संबधों को यहाँ विस्तार से बताया है तो आइये जानते हैं इसका सम्बन्ध ‐

(1) प्रथम शैलपुत्री (हरड़): देवी दुर्गा के प्रथम रूप को शैलपुत्री के नाम से जाना जाता है और इनका एक रूप हिमावती भी कहा जाता है जो हरड़ का दूसरा नाम भी है। इसकी तासीर गर्म होती है और यह कई बिमारियों में औषधि का काम करता है खासतौर से पेट की समस्या या अल्सर में। यह पथया, हरीतिका, अमृता, हेमवती, कायस्थ, चेतकी और श्रेयसी सात प्रकार की होती है।

(2) ब्रह्मचारिणी (ब्राह्मी) : देवी के दूसरे स्वरूप को ब्रह्मचारिणी नाम से जाना जाता है। यह वाणी को मधुर करने और स्मरण शक्ति बढ़ाने में कारगर औषधि है। ब्राह्मी में पाया जाने वाला एंटीऑक्सीडेंट गुण इसे कैंसर से लड़ने में मदद करता है। इसे सरस्वती भी कहा जाता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने पर पाचन और मूत्र सम्बन्धी बिमारियों से छुटकारा प्राप्त किया जा सकता है।

(3) चन्द्रघण्टा (चन्दुसूर) : देवी के तीसरे स्वरुप को चंद्रघंटा कहा जाता है जिसका सम्बन्ध चन्दसुर औषधि से है। यह मनुष्य की काम चेतना को बढ़ाता है और ऊर्जा प्रदान करता है साथ ही प्रसूति के समय महिलाओं के स्तन में दूध की मात्रा बढ़ाने में भी सहायक है। बच्चों के कद बढ़ाने के लिए और वजन काम करने के लिए भी इसका उपयोग किया जाता है।

(4) कूष्माण्डा (पेठा) : देवी के चौथे मूर्ति को कुष्मांडा कहते है जो कुम्हड़ा




या पेठा से सम्बंधित है। नियमित रूप से इसका सेवन करने पर हृदय और मस्तिष्क के रोगों से लड़ने में सहायता मिलती है। जिन लोगों की मानसिक स्थिति कमजोर होती है उनके लिए यह अमृत के सामान है। यह शरीर में सभी पोषक तत्वों की कमी पूरा करता है।

(5) स्कन्दमाता (अलसी) : देवी का पंचम स्वरुप स्कन्दमाता के नाम से प्रसिद्ध है और इसका सम्बन्ध अलसी नमक औषधि से है। एंटीऑक्सीडेंट युक्त होने के कारण यह वात, पित्त, कफ सबकी नाशक है। अलसी में विटामिन बी, कैल्शियम, मैग्नीशियम, कॉपर, लोहा, प्रोटीन, जिंक, पोटेशियम आदि खनिज लवण होते हैं. इसके तेल में 36 से 40 प्रतिशत ओमेगा-3 होता है। इसलिए यह एनीमिया, जोड़ों के दर्द, तनाव, मोटापा घटाने में भी फायदेमंद सिद्ध होता है।

(6) कात्यायनी (मोइया): देवी के छठे रूप को कात्यायनी कहते हैं और इनका सम्बन्ध मोइया से है। इस औषधि का प्रयोग गले रोग, कफ और पित्त को समाप्त करने के लिए किया जाता है। साथ ही इसकी मदद से कैंसर का खतरा भी कम किया जा सकता है। आयुर्वेदा में इसे अम्बा, अम्बालिका और मरीचि नामों से भी जाना जाता है।

(7) कालरात्रि (नागदौन) : देवी के सांतवे स्वरुप को कालरात्रि के नाम से जाना जाता है और यह नागदौन नमक औषधि से सम्बन्धित है। यह मन एवं मस्तिष्क के सभी विकारों को नष्ट करने वाली औषधि है। इसके सेवन से ब्रेन की बीमारी जैसे अल्जाइमर, ट्यूमर आदि से निजात पाया जा सकता है। सुबह काली मिर्च के साथ इसकी 2-3 पत्तियों का सेवन करने से पाइल्स में फायदेमंद रहता है।

(8) महागौरी (तुलसी) : माँ दुर्गा के आंठवे रूप को महागौरी के नाम से जाना जाता है जिसका सम्बन्ध तुलसी से है।

तुलसी के लाभकारी गुण किसी से छुपा हुआ नहीं है। तुलसी के नियमित सेवन से खून साफ होता है और खांसी, हृदय रोग, कैंसर आदि रोगों का खतरा भी काम हो जाता है।

(9) सिद्धिदात्री (शतावरी) : देवी दुर्गा का नौवाँ रूप सिद्धिदात्री है जिसे नारायणी शतावरी कहते हैं। इसमें एंटीइंफ्फलमेट्री, एंटीऑक्सीडेंट और घुलनशील फाइबर पाया जाता है इसलिए नियमित रूप से इसका सेवन कारन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। यह स्मरण शक्ति को बढ़ाता है और रक्त विकारों को दूर करने में भी मदद करता है।

# मोटरसाइकिल सवार मां बेटे को ट्रैक्टर ट्राली ने रौंदा, मां की दर्दनाक मौत

### मौके पर जुटी भारी भीड़,जमकर हुआ हंगामा, बेटे ने भाई के हत्यारोपियों पर लगाया आरोप

संवाददाता।गौरवशाली भारत

गोण्डा। जिले के तरबगंज थाना क्षेत्र के बेलसर मार्ग पर बाइक सवार मां बेटे को ट्रैक्टर ट्राली ने रौंद दिया। जिससे मां की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं मृतका का बेटा इस भीषण हादसे में बाल बाल बच गया। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को हुए इस दर्दनाक हादसे में बाईक सवार मां बेटे को गेहूं लदी ट्रैक्टर ट्राली ने रौंद दिया,जिससे मां की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ ने जमकर हंगामा किया। जिसके बाद भारी पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर आक्रोशित भीड़ को किसी तरह शांत कराया। मृतका के बेटे ने भाई के हत्यारोपियों पर दुर्घटना कराने का आरोप लगाया है।



गोण्डा जिले के तरबगंज थाना क्षेत्र के बेलसर मार्ग पर आजाद नगर के पास सोमवार की दोपहर में गोण्डा जा रहे मां बेटे को गेहूं लदी ट्रैक्टर ट्राली ने रौंद दिया,जिससे मां की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद जुटी भीड़ ने जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को किसी तरह शांत कराया। तरबगंज थाना क्षेत्र के परियावा गांव की रहनी वाली मृतका मिथिलेश 55 वर्ष के बेटे सुनील शुक्ला ने बताया कि 11 माह पहले उनके प्रधान भाई की हत्या कर दी गई थी। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस ने पैसा लेकर दो हत्यारोपी का नाम निकाल दिया था। मृतक के भाई का आरोप है कि जिन्होंने मेरे भाई की हत्या की थी। वह लोग बराबर धमकी दे रहे थे कि गवाह देने नहीं जाने देंगे और जान से मार देंगे। आज हम लोग गोंडा जा रहे थे। उन्हीं लोगों ने दुर्घटना करा दिया। इस दुर्घटना में मां की मौत हो गई और बाइक चालक बाल- बाल बच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

घटना की सूचना पर पहुंची तरबगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## आजमगढ़ में पीसीएस अधिकारी ने की आत्महत्या

आजमगढ़ ।उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र में एक पीसीएस अधिकारी ने रविवार देर रात फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बूढ़नपुर कस्बा निवासी आलोक कुमार सिंह (43) गाजीपुर जिले में बतौर एसडीएम तैनात थे और नगर पालिका गाजीपुर के प्रभारी ईओ का काम भी देख रहे थे।2003 बैच के पीसीएस अधिकारी बीते 15 दिनों से अवकाश पर थे। उन्होने बताया कि एक साल पूर्व आलोक कुमार की पत्नी का निधन हो गया था। उसके बाद से ही वे डिप्रेशन में चल रहे थे। रविवार को आलोक कुमार घर पर अकेले थे और इसी दौरान उन्होंने घर में ही फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। देर रात पट्टीदारों व पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी ।सूचना पर अतरौलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की दो पुत्रियों हैं ।दोनों बाहर रहकर पढ़ाई कर रही हैं।

## वास्तविकता दिखा रहे हैं वेब सीरीज़ और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म : अलंकृता सहाय

मुंबई (अनिल बेदाग)। वेब सीरीज में अलंकृता सहाय का उदय फुह से फैंटेसी जैसी लोकप्रिय वेब सीरीज में अलंकृता सहाय की भूमिकाओं पर चर्चा और मनोरंजन उद्योग में डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते चलन का विश्लेषण अलंकृता सहाय भारतीय मनोरंजन उद्योग की सबसे प्रतिभाशाली और गतिशील युवा लड़कियों में से एक हैं और हमें उनकी अविश्वसनीय विकास कहानी पर वास्तव में गर्व है। जिस तरह से वह राख से फीनिक्स की तरह उठी और सफलतापूर्वक शीर्ष पर पहुंची, वह वास्तव में कई युवा लड़कियों के लिए प्रेरणादायक और अनुकरणीय है। तमाशा की दुनिया में प्रवेश करने से लेकर संगीत वीडियो और ओटीटी की दुनिया में धूम मचाने तक, अलंकृता सहाय वास्तव में नियमित आधार पर जोरदार प्रदर्शन कर रही हैं और विकास वास्तविक है। जबकि उन्होंने पहले हर संगीत वीडियो में अभूतपूर्व काम किया है, जिसका वह हिस्सा रही हैं। ओटीटी स्पेस में एक भूमिका जिसने उन्हें भारी मात्रा में विश्वसनीयता और सम्मान दिया, वह जियो सिनेमा की फुह से फैंटेसी में उनका प्रदर्शन था। इसने अलंकृता का एक अलग पक्ष



प्रस्तुत किया जिसके बारे में किसी ने नहीं सोचा था। यह वास्तव में उनके लिए एक पथप्रदर्शक भूमिका थी और कोई आश्चर्य नहीं, दर्शकों के साथ-साथ निर्माता भी अब उन्हें स्क्रीन पर और अधिक अलग और विविध अवतारों में दिखाने के लिए तैयार हैं। तो, अलंकृता ओटीटी स्पेस में अपने प्रदर्शन को कैसे देखती हैं और डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते रुझानों पर उनकी क्या राय है ? इस बारे में पूछे जाने पर, अभिनेत्री ने खुलकर अपने विचार व्यक्त किए और लिखा,ठीक है, फुह से फैंटेसी वास्तव में मेरे लिए एक विशेष परियोजना थी। इसने न केवल मुझे जिओ सिनेमा जैसे विश्वसनीय मंच के साथ जुड़ने का एक अच्छा अवसर दिया, बल्कि इससे मुझे यह समझने में भी मदद मिली कि उद्योग कैसे संचालित होता है और मुझसे क्या अपेक्षा की जाती है।

## अनु पाण्डेय की आवाज का जादू हर भोजपुरी प्रेमी के घर तक गुंजायमान हो रहा



प्रयागराज । उत्तर प्रदेश की संगम नगरी ने फ़िल्म जगत को काफी नामी गिरामी हस्तियों से रूबरू कराया है , वहां से अमिताभ बच्चन जैसी शख़्शियतें निकलकर आज फिल्मी दुनिया पर राज करने के लिए जानी जाती रही हैं ।उसी संगम नगरी प्रयागराज से भोजपुरी फ़िल्म जगत के लिए एक अनमोल सितारा अनु पाण्डेय के रूप में आज चहुँओर गुंजायमान हो रहा है ।अनु पाण्डेय ना सिर्फ गायकी बल्कि अपने अभिनय ,अपनी डांसिंग के लिए भी आज की तारीख में हॉट डिमांड बनी हुई हैं ।वैसे भी इस इंडस्ट्री में मल्टीटैलेंटेड लोगों की ही कद्र चहुँओर होती रही है ऐसे में अनु पाण्डेय एक बड़ा सरप्राइज पैकेज बनते जा रही हैं ।आज की तारीख में हर निर्माता निर्देशकों की फ़िल्म में अनु पाण्डेय की आवाज़ में एक ना एक गीत अवश्य ही होता है , और यह इसीलिए भी सम्भव हुआ है क्योंकि इनकी आवाज़ में वो खनक, वो लचक और श्रोताओं के पसन्द की प्रस्तुति भी छुपी हुई रहती है । अनु पाण्डेय ने अपने बचपन से ही अभिनय करना शुरू कर दिया था और वो काफी पहले वे बुगी बुगी में नजर आई थीं । काफी व्यस्त पारिवारिक पृष्ठभूमि से आने वाली अनु पाण्डेय को शुरुआत से ही अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सपोर्ट मिला है ।

## भाजपा का संकल्प पत्र - मेनिफेस्टो मोदी की गारंटी : मंत्री संजीव

सोनभद्र। भाजपा जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज के प्रेस सभागार में जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस वार्ता में भारतीय जनता पार्टी के आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मेनिफेस्टो, भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी से संदर्भित गहन व विशद परिचर्चा हुई।

मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड़ ने कहा कि मोदी सरकार ने जो भी पिछले 2019 लोकसभा चुनाव में अपने संकल्प पत्र के अंतर्गत घोषणा की थी उसे अबतक पाँच वर्षों में पूर्ण किया और आज 2024 में जो संकल्प पत्र की घोषणा कर रहे उसे भी अगले 05 वर्षों में पूरा करेंगे, यही मोदी की गारंटी है ।मुख्य वक्ता ने यह भी बताया कि कल देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे0 पी0 नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भाजपा का संकल्प, मोदी की गारंटी का लोकार्पण किया जिसे




संकल्प पत्र के रूप में जारी किया गया उस घोषणा पत्र में किये गये सभी वायदों पर मोदी कबगारंटी की मुहर लगी है ।कहा कि भाजपा ने अबकी बार 400 पार के मिशन को पूरा करने के लिए मोदी सरकार की पिछले 10 वर्ष की जनकल्याणकारी योजनाओं पर भरोसा जताया है और इसके विस्तार का वायदा किया है। जाँच एजेंसियों के दुरुपयोग के विपक्ष के आरोप के सवाल को खारिज करते हुए कहा कि भाजपा ने साफ कर दिया कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेगी और इसमें नई तकनीक का उपयोग किया जायेगा। देश में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या और उनकी परेशानियों को देखते हुए भाजपा ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों को आयुष्मान भारत में शामिल करते हुए उन्हें सालाना 05 लाख रुपये तक का मुफ्त और कैशलेस इलाज देने का वादा किया है। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि स्वरोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में मुद्रा और स्वनिधि योजनाओं की सफलता को देखते हुए सरकार ने इसका विस्तार करने का वादा किया है। मुद्रा योजना में अब 10 लाख की जगह बिना गारंटी 20 लाख रुपये तक कर्ज दिया जाएगा। इसी प्रकार से रेहड़ी पटरी ठेला वालों को 50 हजार रुपये तक कर्ज देने वाली स्वनिधी योजना का विस्तार छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों तक किया जायेगा और ऋण की सीमा भी बढ़ाई जाएगी। साथ में उन्होंने किसानों के बारे में बताया कि 10 करोड़ किसानों को सम्मान निधि मिलती रहेगी, पार्टी ने ग्रामीण इलाकों में फूड प्रोसेसिंग यूनिट बड़ी संख्या में लगाने का वादा भी किया है ।सोशल, डिजीटल और फिजिकल तीनों क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में बताते कहा कि बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली भाजपा ने इसकी गति और तेज करने का वादा किया है।

नये शिक्षण संस्थाओं का निर्माण, 5-जी के विस्तार और 6-जी के तैयारी के साथ ही सर्विस सेंटरों व टेलीमेडिसिन का विस्तार साथ में सड़क, रेल, जलमार्ग के नेटवर्क को विस्तार के साथ अत्याधुनिक बनाया जायेगा ।शहरीकरण की रफ्तार को देखते हुए नये - नये सेटेलाइट, टाउनशिप बनाये जायेंगे। भारतीय जनता पार्टी ने भाजपा को दुनिया भर के उभरते क्षेत्रों का ग्लोबल हब बनाने का वादा किया है ।

## शार्ट न्यूज

### बजरंग दल ने घायल गोवंश का कराया इलाज



घोरावल। स्थानीय नगर में घायल गोवंश का बजरंग दल के सदस्यों ने एंबुलेंस बुला उपचार कराया। घोरावल बाजार के वी - बाजार के पास में घायल अवस्था में सड़क के किनारे गोवंश घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। उसके पैरों में काफी गंभीर चोट थी जिसकी वजह से उससे खड़ा भी नहीं हुआ जा रहा था। जैसे ही बजरंग दल को इसकी सूचना मिली, नगर संयोजक श्याम जी सेठ व प्रखंड संयोजक शुभम कुमार द्वारा तत्काल एक वाहन द्वारा गौवंश को केवाली स्थित गौशाला ले जाया गया। बजरंग दल के पदाधिकारियों के अनुसार गौशाला पे मौके पे कोई भी जिम्मेदार उपस्थित नही मिला। गौशाला के गौवंशों की स्थिति संतोषजनक नहीं थी। गंदगी का अंबार लगा हुआ था। प्रसून कुमार ने इस दुर्दशा का एक वीडियो बना लिया और एंबुलेंस द्वारा कंप्लेंट करके चिकित्सा टीम द्वारा घायल गौवंशों का इलाज कराया। इस दौरान प्रखंड सहसंयोजक गोविंद मोदनवाल, गौ रक्षक किशन जी, राजेश कुमार, सुनील कुमार गुप्ता उर्फ सोमारु भाई, किशन गुप्ता, राजकुमार राज उर्फ लालू, विक्रम पटेल, सुंदरम उमर, कुलदीप केशरी आदि मौजूद रहें। घायल गोवंश के इलाज के लिए विशेष सहयोग प्रकाश आयरन स्टोर के मालिक ओमप्रकाश उमर व श्रेया गारमेंट्स के मालिक संत कुमार के द्वारा किया गया।

### एसएचएम शिपकेयर ने ओएनजीसी के लिए भारत का पहला तेज रफ्तार से चलने वाला समुद्री जहाज- सी स्टैलियन-1 लॉन्च किया



मुंबई (अनिल बेदाग)। भारतीय जहाजों के निर्माण, समुद्री और अपतटीय क्षेत्र में अग्रणी ताकत और जीवनरक्षक नौकाओं की मशहूर प्रदाता, एसएचएम शिपकेयर ने आधुनिक फीचर्स से लैस समुद्री जहाज लॉन्च किया। यह देश की महत्वपूर्ण तेल एवं गैस इंडस्ट्री मे विंग्स टू वेव्स बदलाव की शुरुआत का संकेत है। कंपनी ने बेहद गर्व से अपनी तरह का पहला तेज रफ्तार से चलने वाला समुद्री जहाज सी-स्टैलियन लॉन्च किया। 42 मीटर का समुद्री जहाज विशेष रूप से ओएनजीसी के लिए बनाया गया है। इसे 2022 में डायरक्टरेट जनरल ऑफ शिपिंग (डीजीएस) के ऑर्डर 20 के तहत बनाया है। इस जहाज पर 60 यात्री बैठ सकते हैं, इसमें तीन टन से ज्यादा सामान का परिवहन किया जा सकता है। इस जहाज में कई आधुनिक फीचर्स हैं, जिसमें गतिशील पोजशिनिंग सिस्टम (डीपी-1) , स्टेबलाइजिंग गायरो, मोशन-कंपन्सेटेड गैंगवे और इंटरसेप्टर सिस्टम जैसी विशेषताएं हैं। एसएचएम शिपकेयर और ओएनजीसी की यह साझेदारी समुद्री तकनीक में अग्रणी छलांग का प्रतीक है, जिससे जहाज पर बैठे यात्रियों की सुरक्षा तो बढ़ी ही है, साथ ही जहाज के चालक दल की संचालन और क्रू ट्रांसफर की क्षमता में भी बढ़ोतरी हुई है।

### सीजीएचएस लाभार्थियों ने सहमति देने के निर्णय का किया विरोध

कानपुर। केंद्र सरकार के पेंशन भोगी कर्मचारियों ने केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के लाभार्थी कार्ड को आभा आईडी से जोड़ने के लिये पेंशनरों की सहमति देने के निर्णय का विरोध किया है। पेंशनर फोरम के अध्यक्ष आर के तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को यहां फोरम की आपातकालीन बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के उस पत्र पर चर्चा की गयी जिसमें सीजीएचएस लाभार्थियों के कार्ड को आभा आईडी से जोड़ने के लिए मैंडेटरी किया गया है। चर्चा के दौरान यह निर्णय लिया गया कि स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने पत्र में कार्ड लिंक करने से आधार कार्ड की सारी जानकारी साझा करने की सहमत मांगी है। तिवारी ने बताया कि इस विषय में चर्चा हुई कि सीएचएस के पास सभी लाभार्थियों के आधार कार्ड एवं सीजीएचएस कार्ड संख्या उपलब्ध है यदि सरकार को लगता है कि आभा आई डी को सीजीएचएस कार्ड से लिंक करना आवश्यक है तो वह स्वयं करें इसमें कर्मचारियों को सहमत देने की जरूरत नहीं है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि फोरम महामंत्री आनंद अवस्थी स्वास्थ्य सचिव को एक पत्र लिखेंगे और इसे निरस्त करने की का अनुरोध करेंगे ।य यदि स्वास्थ्य सचिव इस पत्र को 25 अप्रैल तक निरस्त नहीं करते हैं तो फोरम कानूनी सहायता के लिए उच्च न्यायलय में जाएगा, क्योंकि जब सीजीएचएस बना था उस समय जो नियम बने थे यह आदेश उन नियमों की अवहेलना करता है।

### सपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रत्याशी का पुतला फूंका

जौनपुर । उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा का पुतला फूंक कर पार्टी आलाकमान के समक्ष विरोध दर्ज कराया और प्रत्याशी बदलने की मांग की। करंजाकला के सफदरगंज बाजार में कुशवाहा का सपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पुतला फूका और उनके विरोध में तख्तियां पोस्टर लेकर नारे लगाए। प्रत्याशी को बदलने की मांग की और कहा जब तक प्रत्याशी नहीं बदला जाएगा तब तक इस तरह के प्रदर्शन जारी रहेंगे। जौनपुर लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी समाजवादी पार्टी ने बाबू सिंह कुशवाहा को बनाया है। उनके प्रत्याशी बनते ही सपा नेताओ कार्यकर्ताओं में आक्रोश पैदा हो गया ।उनके खिलाफ विरोध पर उतर आए। सोमवार को काफी संख्या में सपा कार्यकर्ताओं ने करंजाकला के सफदरगंज बाजार में तख्तियां बैनर पोस्टर लेकर पहुंचे ।बाहरी प्रत्याशी हटाने की मांग करते हुए, जिले के नेताओं को प्रत्याशी बनाने की मांग की। बाबू सिंह कुशवाहा के विरोध में नारे लगाए और कहा कि यह एनएचआरम घोटाले में भी फंसे हैं। ऐसे मे पार्टी प्रत्याशी को बदल दे ।

## 'डॉ0 त्रिपाठी आयुर्वेद निदानशाला एवं पंचकर्म सेन्टर' का मुख्य सचिव ने किया उद्घाटन

### आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर के स्थान पर वैद्य लिखें : दुर्गा शंकर मिश्र

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने आज रायबरेली रोड, लखनऊ के सरस्वतीपुरम् में राजवैद्य शिव शंकर त्रिपाठी द्वारा स्थापित 'डॉ0 त्रिपाठी आयुर्वेद निदानशाला एवं पंचकर्म सेन्टर' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आयुष श्रीमती लीना जौहरी, आयुर्वेद निदेशक डॉ0 प्रकाश चन्द्र सक्सेना सहित बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने इस अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत की प्राचीनतम विधा 'आयुर्वेद' का अपना एक विशेष महत्व है। हमारा देश आयुर्वेद का मूल स्थल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय चिकित्सा पद्धति चाहे आयुर्वेद हो, योग हो, सिद्धा हो, प्राकृतिक हो सभी में 'सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामय' की कामना की गई हैं। भगवान धन्वन्तरि ने आयुर्वेद को जन्म देकर एक बहुत बड़ी विधा मानव कल्याण के लिये हम सभी को दिया है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी ने जब पूरी दुनिया को हिला दिया था, तो उस समय हमारी आयुष पद्धतियां कारगर सिद्ध हुईं और इसी के माध्यम से जनमानस ने अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर अपना जीवन सुरक्षित किया।

श्री मिश्र ने कहा कि पिछले 9-10 वर्षों में हमारे देश में आयुष का बहुत विकास हुआ है। उत्तर प्रदेश में कई हजार आरोग्य केन्द्र बन चुके हैं। देश के लोगों को स्वस्थ्य बनाये रखने के लिये आयुर्वेद की और जड़ी-बूटियों को पहचाने की जरूरत है। उन्होंने आयुर्वेद के चिकित्सकों से अपने नाम के आगे डॉक्टर न लिखकर वैद्य लिखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारत में राजाओं के दरबार में जिस प्रकार कुल गुरू होते थे, उसी प्रकार कुल वैद्य भी होते थे। वैद्य की प्रथा हमारे देश की बहुत बड़ी ताकत थी। उस ताकत को महसूस किया जाना चाहिए।

मुख्य सचिव ने राजवैद्य शिव शंकर त्रिपाठी जी की सराहना करते हुए कहा कि मैं उन्हें पिछले तीस वर्षों से जानता हूँ जब वे राजभवन में चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्य करते थे।

उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि राजवैद्य शिव शंकर त्रिपाठी द्वारा स्थापित यह 'डॉ0 त्रिपाठी आयुर्वेद निदानशाला एवं पंचकर्म सेन्टर' लोगों के लिये वरदान सिद्ध होगा।

कार्यक्रम में प्रमुख सचिव आयुष श्रीमती लीना जौहरी ने कहा कि पंचकर्म सेन्टर के उद्घाटन से लखनऊ ही नहीं, वरन आने वाले समय में प्रदेश के जनमानस को भी आयुर्वेद के माध्यम से उपचार की विशिष्ट सुविधा प्राप्त होगी।

निदेशक आयुर्वेद डॉ0 प्रकाश चन्द्र सक्सेना ने उपचार की विधियों पर प्रकाश डालते हुए आयुर्वेद के महत्व को रेखांकित किया।

समारोह में राजवैद्य शिव शंकर त्रिपाठी के उपचार से स्वस्थ हुए रोगियों को मुख्य सचिव द्वारा 'अमृता हेल्थ किट व तुलसी का पौधा' भेंट कर सम्मानित किया गया।

### मयंक द्विवेदी को बसपा ने बांदा का दिया टिकट

बांदा। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने दिवंगत विधायक पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी के पुत्र मयंक द्विवेदी को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। 38 वर्षीय मयंक द्विवेदी ने राजनीति की शुरुआत बसपा से ही की। उनकी मां और वे स्वयं जिला पंचायत के सदस्य रह चुके है और उनके पिता पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी वर्ष 2007 में नरैनी विधान सभा क्षेत्र से निर्वाचित होकर पांच साल विधायक रहे। इसके बाद उन्हें वर्ष 2012 में बांदा सदर सीट से बसपा का प्रत्याशी घोषित किया गया था। प्रत्याशी घोषणा की तुरंत बाद ही उन पर शीलू नामक एक चर्चित युवती के साथ कुकर्म का आरोप लगा। जिसमें सत्ता दल दल के विधायक होने के बावजूद उनको जेल जाना पड़ा और बाद में कई वर्ष बाद जेल से वापस लौटने के कुछ ही दिनों बाद उनकी मृत्यु हो गई थी।

## कभी कोरस में नाचने वाला लड़का आज सुपरस्टार को टक्कर दे रहा है .!

उत्तरप्रदेश के इटावा जनपद का जब भी नाम आता है तो लोगों के जेहन में एक नाम स्वत: गूंजने लगता है मुलायम सिंह यादव या अखिलेश यादव, लेकिन इसी मैनपुरी के करहल के रहने वाले भोजपुरी फिल्मों में नाम बना रहे अभिनेता रवि यादव धीरे धीरे कैसे इंडस्ट्री में अपना पांव जमा लिए किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी ।पिछले 11 सालों से फ़िल्म इंडस्ट्री में सक्रिय रवि यादव अपने कैरियर की शुरुआत में गानों के कोरस डांसर के रूप में इस इंडस्ट्री में अपने सफर की शुरुआत किये थे लेकिन बदलते समय और किस्मत की बुलंदियों ने आज उनको भोजपुरी के सुपरस्टारों के समकक्ष लाकर खड़ा कर दिया है ।



कभी सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक से सबसे सम्पर्क कर करके काम मांगने वाले रवि यादव को आज की तारीख में निर्माता निर्देशक हाँथों हाथ ले रहे हैं । रवि यादव बताते हैं कि उन्होंने जब इस इंडस्ट्री में आने की सोंचा था रब उनके पास इस फ़िल्म इंडस्ट्री में कोई सम्पर्क नहीं था ना ही कोई जानने वाला था वे वीडियो एलबम में डांसर के रूप में भी काम किये और कई सुपरहिट गानों में उनके डांस को देखकर लोग प्रभावित भी हुए , कई बड़े एलबम में डांस करने के साथ वे अपने इस प्रतिभा के साथ निर्माता निर्देशकों से मिलना जारी रखा । लेकिन सबकुछ अपने मेहनत और ईमानदारी के दमपर हासिल करने का जज्बा और हिम्मत लिए चंबल बॉय ने संघर्ष करना नहीं छोड़ा और वे जमकर पसीना बहाते रहे , लगातार मेहनत कर रहे रवि यादव को अभिनय में इतनी रुचि थी कि वे दिनभर में स्ट्रगल करने के साथ साथ अपने फिजिक को मेंटेन करने के लिए भी घण्टों जिम में शरीर को इस लायक बनाने में लगे हुए थे ताकि उनपर किसी निर्माता निर्देशक की नजर पड़े और इसलिए वे निर्माता निर्देशकों से मिलते रहे ।